




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 14, अंक 27 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, गुरुवार 14 नवम्बर 2024 | www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीमकोर्ट से भरत इंदर सिंह चहल को राहत

**नई दिल्ली।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार रहे भरत इंदर सिंह चहल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। सप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि याची पर दंड योग कार्रवाई न की जाए। साथ ही चहल को कहा है कि वह जांच में पूरा सहयोग दें। वहीं, पंजाब सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा गया है। 25 अक्टूबर को उनके खिलाफ पटियाला अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। चहल के वकील की तरफ से कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि 76 वर्षीय चहल कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। साथ ही जांच में सहयोग के लिए तैयार हैं। हालांकि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने 4 अक्टूबर को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### विजयपुर में मतदान से पहले फायरिंग, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव के मतदान से पहले सोमवार की रात को कुछ लोगों ने आदिवासियों पर गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी में दो लोग घायल हुए है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को कुछ लोग मोटर साइकिल पर सवार होकर आते है और ढोढर थाना क्षेत्र के धनाचया गांव में फायरिंग करते है, जिसमें दो लोग घायल होते है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गांव के लोगों ने एक बंदूकधारी को पकड़ा है। ज्ञात हो कि विजयपुर में बुधवार 13 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव प्रचार सोमवार की शाम को थम चुका है। उसके बाद यह वारदात हुई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस घटना को लेकर कहा, उपचुनाव की वोटिंग से पहले आदिवासियों पर फायरिंग की घटना अत्यंत चिंताजनक है।

### छात्रों के प्रति सरकार का रवैया क्रूर नहीं, बल्कि सहयोग और सहानुभूति का होना चाहिए : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यूपीपीएससी के अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन को लेकर सियासत में बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती भी कूद पड़ी हैं। मायावती ने यूपीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग का समर्थन करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षाएं दो दिन में करानी पड़ रही हैं। गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई आदि की जबरदस्त मार झेल रहे छात्रों के प्रति सरकार का रवैया क्रूर नहीं, बल्कि सहयोग एवं सहानुभूति का होना चाहिए। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए है।

---

पीएम मोदी का मिशन बिहार,दिया कई योजनाओं का तोहफा

# पीएम मोदी बोले-नीतीश कुमार ने जंगल राज समाप्त किया

दरभंगा/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार दौरे पर हैं। दरभंगा में 12,100 रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन की शुरूआत में मोदी ने कहा कि आज पड़ोसी राज्य झारखंड में पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है। झारखंड के लोग 'विकसित झारखंड' के सपने को पूरा करने के लिए वोट डाल रहे हैं। मैं झारखंड के सभी मतदाताओं से आग्रह करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान में हिस्सा लें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं मिथिला की धरती की बेटी स्वर कोकिला शारदा सिन्हा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शारदा सिन्हा जी ने भोजपुरी और मैथिली संगीत की जो सेवा की है, वो अतुलनीय है। महापर्व छठ की महिमा को जिस तरह उन्होंने अपने गीतों से पूरी दुनिया में पहुंचाया, वो अद्भुत है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा देश के लोगों के विकास के लिए खड़ी रही है। हमने एक ही कार्यक्रम में 12,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिला, कोसी और तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और आस पास के कई क्षेत्रों के लोगों के लिए सुविधा होगी। नेपाल से आने वाले मरीज भी इस एम्स अस्पताल में इलाज करा सकेंगे।



एम्स से यहां रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि 'आयुष्मान भारत योजना' से देश में करीब चार करोड़ लोगों का इलाज हो चुका है। अगर आयुष्मान भारत योजना न होती, तो इनमें से ज्यादातर लोग अस्पताल में भर्ती ही नहीं हो पाते। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इनके जीवन की बहुत बड़ी चिंता हृ सरकार की योजना से दूर हुई। आयुष्मान योजना से करोड़ों परिवारों को करीब सवा लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार, देश में स्वास्थ्य को लेकर होलिस्टिक अप्रोच के साथ काम कर रही है। पहला फोकस, बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस, बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि तीसरा फोकस है, लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले, उन्हें सस्ती दवाएं मिलें। चौथा फोकस है, छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना, देश में डॉक्टरों की कमी को दूर करना। पांचवां फोकस है, स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नॉलजी का विस्तार करना। मोदी ने कहा कि पहले हर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति एम्स दिल्ली जाता था। हालाँकि, हमारी सरकार ने देश के कई हिस्सों में नए एम्स अस्पताल स्थापित किए। आज देश में 24 एम्स अस्पताल हैं। हमारी सरकार ने तय किया कि कोई भी अपनी मातृभाषा में मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर सकता है और डॉक्टर बन सकता है।

### 60 सालों तक देश में एक ही एम्स था

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 60 सालों तक देश में एक ही एम्स था। देशवासियों को दूर दराज से दिल्ली आना पड़ता था। काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। हमारी सरकार ने नए नए एम्स बनाए। आज देश में दो दर्जन एम्स हैं। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टरों की संख्या में बढोतरी हुई है। पहले डॉक्टर बनना हो तो अंग्रेजी माध्यम जरूरी था। अब डॉक्टर पढ़ना है या इंजीनियरिंग पढ़ना है तो वह अपनी मातृभाषा में पढ़कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। यह भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। हमारी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया, इससे युवाओं को काफी फायदा होगा। देश में हिन्दी या अन्य भाषाओं में भी मेडिकल की पढ़ाई होगी। यानी अब दलित, गरीब और आदिवासी भी आसानी से डॉक्टर बन पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मुजफ्फरपुर में कैंसर का बड़ा अस्पताल बन रहा है। इससे एक ही छत के नीचे सभी तरह के कैंसर का इलाज होगा।

---

पहली बार एक्यूआई 400 पार

# दिल्ली में.....छाया उजला अंधेरा,हवा हुई दमघोंटू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इस सीजन में पहली बार स्मॉग की मोटी चादर छाई रही। सफदरजंग और पालम एयरपोर्ट समेत दिल्ली के ज्यादातर इलाकों की बुधवार तड़के दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं, प्रदूषण का स्तर भी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। इससे जमीन से आसमान तक की आवाजाही बेपटरी हुई। करीब 10 फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। जबकि बड़ी संख्या में हवाई सेवाओं को शिड्यूल भी बिगड़ा। दूसरी तरफ 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चली। साथ में सड़कों पर वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े। उधर, वायु गुणवत्ता सूचकांक



400 से ऊपर जाने से आम लोगों को दमघोंटू हवाओं में सांस लेना पड़ा। पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश से राजधानी में ठंड ने भी दस्तक दी। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए कोहरे को देखते हुए चेतावनी जारी की है।

---

जीपी सिंह को बड़ी राहत

# आईपीएस के खिलाफ दर्ज मुकदमें रद्द,हाईकोर्ट की टिप्पणी परेशान करने के लिए फंसाया गया

बिलासपुर/ संवाददाता

राजद्रोह, ब्लैकमेलिंग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने जीपी सिंह के खिलाफ दर्ज तीनों मामलों की एफआईआर प्रोसिडिंग्स को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने जीपी सिंह की याचिका पर यह फैसला सुनाया है। बता दें कि जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों को रद्द करने की मांग की थी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि तत्कालीन सरकार ने उन्हें राजनीतिक षड़यंत्र के तहत फंसाया था। उनके खिलाफ किसी भी मामले में कोई भी साक्ष्य नहीं है। कोर्ट ने भी माना कि उन्हें परेशान करने के लिए झूठे मामले में फंसाया गया है। उनके खिलाफ किसी भी मामले में कोई भी ठोस सबूत नहीं है। लिहाजा सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जीपी सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। बता दें कि बीते एक जुलाई 2021



की सुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने जीपी सिंह और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की थी। लंबे अंतराल तक चली कार्रवाई के बाद 10 करोड़ की चल अचल संपत्ति का भी खुलासा किया गया था। छापे के दौरान एसीबीऔर ईओडब्ल्यू की टीम ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद होने का दावा किया था। इन बरामद दस्तावेजों के आधार पर रायपुर पुलिस ने आईपीसी जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। इसके साथ ही उन पर भ्रष्टाचार से जुड़े हुए अपराध भी दर्ज किए गए थे। इन आरोपों के तहत जीपी सिंह को जेल भी जाना पड़ा था। बाद में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। इसके अलावा एक अन्य मामले में साल 2015 में दुर्ग निवासी कमल सेन और बिल्डर सिंघानिया के बीच व्यावसायिक लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। सिंघानिया ने कमल सेन के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

---

शरद की तस्वीर का उपयोग न करें

# अजित पवार गुट से कहा अपने पैरों पर खड़े होने का प्रयास करें

नई दिल्ली/ एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट को नसीहत दी है। एनसीपी शरद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपी अजित पवार अपने पैरों पर खड़ी हो। चुनाव में शरद पवार की फोटो का इस्तेमाल न करें। क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने की जगह चुनाव पर



ध्यान दें। कोर्ट ने अजित पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा कि अपने कार्यकर्ताओं से कहें कि चुनाव में शरद पवार की फोटो, पुरानी या नई वीडियो क्लिप का उपयोग न करें। अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच ऑनलाइन सूचना जारी करके ऐसे निर्देश दें। मामले पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के लोग बुद्धिमान हैं जो अजित पवार और शरद पवार के बीच अंतर समझते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस युग में वह धोखा भी खा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को तय की है। मामले को लेकर शरद पवार गुट की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि अजित पवार गुट के एक एमएलसी ने समर्थन दिखाने के लिए शरद पवार का एक वीडियो क्लिप वायरल किया था।

---

### कंटेनर से टकराने के बाद पेड़ में घुसी कार, छह युवक-युवतियों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून में एक सड़क हादसे में छह युवक-युवतियों की मौत हो गई। कंटेनर से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक शख्स घायल भी हुआ है। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। हादसा कैंट क्षेत्र में ओएनजीसी चौक के पास देर रात हुआ। इनोवा कार पहले कंटेनर और फिर पेड़ से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, कार किशननगर चौक से रही थी और ओएनजीसी चौक पर कार ने कंटेनर को टक्कर मारी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर के पीछे कार का बोनट ही चिपक गया। इसके बाद कार गलत दिशा में करीब 100 मीटर पर एक पेड़ से टकराई।


---

अमित शाह का सोनिया गांधी पर हमला

# 21वीं बार फिर क्रैश हो जाएगा आपका 'राहुल विमान-शाह.....

मुंबई/ एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर तेज हो गया। बुधवार को जिंतूर में एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोनिया गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपका राहुल बाबा नाम का विमान पहले 20 बार क्रैश हो चुका है। महाराष्ट्र चुनाव में एक बार फिर 21वीं बार क्रैश होने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी ने राहुल बाबा नाम के विमान को 20 बार उतारने की कोशिश की और 20 बार विमान क्रैश हो गया। अब



21वीं बार फिर से महाराष्ट्र चुनाव में विमान को उतारने क कोशिश की गई है। यह राहुल विमान 21वीं बार भी क्रैश होने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सालों तक रोके रखने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने राम मंदिर बनवाया। औरंगजेब ने जिसे ध्वस्त कर दिया था, उस काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण करवाया। अब आप गुजरात के सोमनाथ मंदिर आने के लिए तैयार रहें, क्योंकि यहां पर सोने का मंदिर बन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैंने चुनाव के दौरान विदर्भ, उत्तर महाराष्ट्र, पश्चिम महाराष्ट्र, कोंकण, मुंबई, मराठवाड़ा सभी जगहों का दौरा किया है। 23 नवंबर को महाराष्ट्र से महाविकास अघाड़ी का सफाया होने जा रहा है। यहां महायुति गठबंधन सरकार बनेगी।

---

23 नवंबर को फैसला, 39.23 प्रतिशत मतदान हुआ

# आकाश शर्मा और सुनील सोनी की किस्मत ईवीएम में कैद हुआ

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर बुधवार शाम छह बजे मतदान खत्म हो गया। 6 बजे तक 39.23 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और मतदान प्रक्रिया में व्यवधान डालने की कोशिश की। घटना के बाद तत्काल पुलिस बल को मौके पर भेजा गया और भारी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया। पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया और दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की। हालांकि, इस हंगामे के कारण मतदान प्रक्रिया में कुछ समय के लिए देरी हुई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हंगामा शांत हुआ और मतदान पुन: शुरू हुआ। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में दोपहर तीन बजे तक 39.23 प्रतिशत और दोपहर 1 बजे तक 28.37 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसी बीच भाजपा रायपुर दक्षिण प्रत्याशी सुनील सोनी ने शुभ मुहूर्त में मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी सोनी अपने परिवार के साथ महाराणा प्रताप स्कूल एडवर्ड रोड में मतदान किया। इससे पहले सुबह 9 बजे तक 8.23 प्रतिशत और 11 बजे तक 18.73 मतदान हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह का माहौल है। सुबह से लोग मतदान के लिए पोलिंग बूथ पहुंचने लगे हैं। इसी बीच दोपहर




11.30 बजे तक भाठागांव स्कूल मतदान केंद्र खाली है। कांग्रेस उम्मीदवार आकाश शर्मा सुबह अपने परिवार के साथ मतदान किया। आकाश शर्मा ने सुंदरनगर पोलिंग बूथ पर अपनी मां, पत्नी, और बहनों के साथ मतदान करने पहुंचे थे। भाजपा रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने अश्वनी नगर सामुदायिक भवन स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। मतदान के बाद भाजपा विधायक कहा, रायपुर दक्षिण के भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी प्रचंड बहुमत से जीतेंगे। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल दोपहर 12:00 बजे बैरन बाजार स्थित महिला पॉलिटेक्निक में मतदान किया। शाम छह बजे तक दक्षिण के मतदाता चुनावी मैदान में उतरे 30 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान के लिए 266 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 10 संगवारी बूथ, एक दिव्यांग, पांच युवा प्रबंधित बूथ शामिल हैं। वहीं, 1,500 से ज्यादा कर्मचारी सहित 1,800 से ज्यादा सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, इसके नतीजे 23 नवंबर को झारखंड, महाराष्ट्र के चुनावों के साथ सामने आएंगे। मंगलवार को मतदान दलों की टीम को सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्रियां लेने पहुंची और वहां से उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

### झारखंड में पहले चरण का मतदान खत्म शाम 5 बजे तक 64.86 फीसदी वोटिंग

झारखंड में पहले चरण के तहत 43 विधानसभा सीटों पर आज वोटिंग खत्म हो चुकी है। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जानकारी के मुताबिक पूरे राज्य में शाम 5 :00 बजे तक 64.86 प्रतिशत मतदान हुआ। लोहरदगा जिला 73.21 प्रतिशत मतदान के साथ शीर्ष पर रहा जबकि हजारीबाग जिले में सबसे कम 59.13 प्रतिशत मतदान हुआ। अन्य जिलों में मतदान प्रतिशत सरायकेला-खरसावां में 72.19, गुमला में 69.01, सिमडेगा में 68.66, खूंटी में 68.36, गढ़वा में 67.35, लातेहार में 67.16, पश्चिमी सिंहभूम में 66.87, रामगढ़ में 66.32, पूर्वी सिंहभूम 64.87, चतरा 63.26, पलामू में 62.62, कोडरमा में 62, रांची 60.49 और हजारीबाग में 59.13 रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### जांजगीर नैला की कांग्रेस पार्षद ने किया भाजपा प्रवेश



भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक पार्टी है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। यह विचारधारा वाली पार्टी है इसी रीति नीति को ध्यान में रखते हुए आज नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 02 की कांग्रेस पार्षद श्रीमती दुलौरिन चौरसिया ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन छोड़, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नारायण चंदेल जी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.. इस अवसर पर इंजी रवि पाण्डेय, पार्षदगण हितेश यादव, विवेक विक्की सिंह, उमेश राठौर, अमित यादव, भूरी बाई कार्तिक राम सूर्यवंशी, अनीता गुड्डू कहरा, जानकी जीवन कहरा, पूर्व पार्षद मोहन लाल यादव, पूर्व पार्षद उदय कश्यप, शिवचमन ठाकुर, जैकी तिवारी, गजानंद ध्रुव, अनिल शर्मा, दिव्यांश चंदेल, पलाश चंदेल, मिंटू चंदेल, रितेश मोनू अग्रवाल, देवानंद गढ़वाल, योगेश चौरसिया, कन्हैया सूर्यवंशी, हरदेव टंडन, पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र निर्मलकर, अशोक चौरसिया, सुशील सिंह, पार्षद देव कुमार गढ़वाल, मोहन श्रीवास, सुनील कश्यप, लाला यादव, दिनेश चंदेल, सोनू यादव, दिनेश राठौर, छबि कश्यप, मोहन श्रीवास, मृत्युंजय राठौर, सतीश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महासभा की तैयारी को लेकर अघरिया छात्रावास में बैठक संपन्न



**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोंडा में आगामी 17 नवंबर को होने वाले अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ का 30 वां महासभा का आयोजन को लेकर फुल्झर अघरिया कन्या छात्रावास सरायपाली में क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल कि अध्यक्षता में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली की आवश्यक बैठक 13 नवंबर को आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्रीय पदाधिकारियों,कार्यकारिणी,परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सहित समाज के सम्मानीय लोग पहुंचे हुए थे,जहां महासभा के सफल आयोजन के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सामाजिक जनों के द्वारा अघरिया समाज के सामाजिक जनगणना, संरक्षक सदस्य बनाना, प्रत्येक अघरिया बंधुओं के घर जाकर महासभा के लिए आमंत्रित करना, महासभा में शामिल होने वाले लोगों का पंजीयन, कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों का तिलक लगाकर स्वागत, व्यवस्था को लेकर चर्चा,सभा में आगंतुक अतिथियों की बैठक व्यवस्था,सरायपाली क्षेत्र के सभी सामाजिकजनों से ज्यादा से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा, सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को सहयोग के लिए कार्यकर्ताओं की सूची उपलब्ध करवाने। संकलित धन राशि व सामग्री को परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल एवं कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल के पास जमा करने साथ ही सामर्थ अनुसार महासभा को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव 2024 ने वैश्विक निपुणता और इनोवेशन के ज़रिए कैंसर देखभाल को उन्नत किया

**बिलासपुर :** अपोलो कैंसर सेंटर, मुंबई द्वारा आयोजित अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव का 7वां एडिशन मुंबई के बीकेसी में जिओ वर्ल्ड कन्वेन्शन सेंटर में संपन्न हुआ। भारत भर से 2,000 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट और 450 से ज़्यादा इंटरनेशनल स्पीकर ने इसमें हिस्सा लिया, जिनमें मशहूर ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ, स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी और क्लिनिकल रिसर्चर शामिल थे। इस कार्यक्रम ने कैंसर देखभाल में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा करने, आधुनिक उपचार प्रथाओं को सटीक ऑन्कोलॉजी के साथ जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया। 8 से 10 नवंबर तक मुंबई में संपन्न हुआ यह सम्मलेन, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के प्रोफेशनल्स के लिए पैनल चर्चा, कार्यशालाओं और रिसर्च प्रेज़ेंटेशन में भाग लेने के लिए यह एक प्रभावशाली मंच बना। इसमें कैंसर देखभाल के पहले से चले आ रहे उपचारों और प्रबंधन रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

# सक्रिय सदस्यता बनाने में जुटे दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्गक्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष

### हर एक सदस्य पार्टी की असली पूंजी - ललित चंद्राकर



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई , धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह,में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया, जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा, ''पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे।

पीढ़ियों की तपस्या का है फल आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढियां की तपस्या रही है. विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है. हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है.

भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है. भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है. हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा. बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है.

शासन की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है.

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन,कन्हैया साहू, शीतला राजपूत नीलम गड़े,विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, ममता चंद्राकर संगीता रजक सुनीता वर्मा,मनमोहन साहू दुर्गेश साहू, विक्की चंद्राकर, केशव महिपाल, विनय गुप्ता पंकज साहू, अभिषेक कुमार, तोषण तारक पिंटू महेंद्र चोपड़ा,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धान तौलाई टेंडर में गड़बड़झाला का आरोप, टेंडर फार्म भरने वाले आवेदक पहुंचे भरर समिति, फिर से टेंडर निकालने की मांग रखी



बलराम यादव

**पाटन।** विकासखंड पाटन के सेवा सहकारी समिति भरर में धान ,तौलाई, हमाली,सिलाई के लिए टेंडर जारी किया गया था। समिति द्वारा आवेदन बंद लिफाफा में लिया गया था। टेंडर देने की कार्यवाही की सूचना समिति द्वारा दिए जाने एवं आवेदनकर्ताओं को स्वयं उपस्थित रहने कहा गया था।

गौरतलब हो कि सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर की जाएगी। जिसके लिए भरर समिति द्वारा टेंडर के लिए आवेदनकर्ताओं से बंद लिफाफा में टेंडर लिया गया था। लेकिन समिति द्वारा लापरवाही आवेदन लेते समय ही किया गया था। आवेदनकर्ताओं का मोबाइल नंबर नहीं लिया गया। उनका नंबर बंद लिफाफा में ही रह गया।- टेंडर भरने वाले केशव साहू,विष्णु निर्मलकर,गोवर्धन साहू,गुलशन कुमार,संजय यादव,राकेश ठाकुर,जाली राम साहू, भारत राम चंद्राकर,धनजीत राम सोनवानी ने बताया कि उनको टेंडर प्रक्रिया के दौरान किसी भी कार्यवाही की सूचना समिति द्वारा नहीं दिया गया हम लोगों द्वारा भरे गए टेंडर को खोल कर देखने के बाद समिति क्षेत्रबके बाहर के आदमी को कम रेट में टेंडर डलवाकर दे दिया गया है। इस। इस तरह आवेदनकर्ताओं की अनुपस्थितिनमे टेंडर प्रक्रिया करना समिति प्रबन्धक,शाखा प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी की मिली भगत दर्शाता है। जिसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी पाटन को व्हाट्सएप के जरिए भेज दिया गया है।

भाजपा नेताओं ने भी कहा दुबारा टेंडर करवाया जाएज्.

टेंडर प्रक्रिया में आवेदनकर्ताओं की अनुपस्थिति में कियें जाने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के भाजपा नेता भरर सोसायटी पहुंच कर टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दुबारा टेंडर करवा कर आवेदनकर्ताओं की उपस्थिति में किए जाने की मांग किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से निर्मल जैन,राजेश बंछोर,धनराज साहू,देवेंद्र चंद्राकर, अंगेश्वर साहू,अरुण चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी प्रीति सोनी से जानकारी लेने उनके मोबाइल नंबर में कॉल किए जाने पर कोई उत्तर नहीं दिया गया।

धान खरीदी की टेंडर को लेकर आवेदन मिला है, जिसकी जांच के लिए टीम बनाकर भेज दिया गया है।

**लवकेश ध्रुव,एसडीएम पाटन**

सेवा सहकारी समिति भरर के लिए 10 आवेदन जमा हुआ था। आवेदनकर्ताओं का मोबाइल नंबर लिफाफा में बंद होनें के कारण सूचना नहीं दे पाए।

**विनोद कुमार साहू**
**प्रभारी समिति प्रबन्धक भरर**

## शहीद डोमश्वर साहू शास. महाविद्यालय जामगांव आर, भरर में डॉ. शिखा अग्रवाल ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया



**पाटन ( समय दर्शन )।** शहीद डोमेश्वर साहू शास. महाविद्यालय जामगांव आर, भरर में उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची के अनुसार साइंस कॉलेज, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा अग्रवाल ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नीता कुम्भारे ने पुष्प गुच्छ देकर महाविद्यालय स्टॉफ की तरफ से डॉ. शिखा अग्रवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर पर शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण उपरांत डॉ. शिखा अग्रवाल ने महाविद्यालय स्टॉफ की बैठक लेकर अध्यापन व्यवस्था सुचारू ढंग से चलाने एवं समस्त गतिविधियां समय पर पूर्ण करने के लिए सभी के सहयोग की बात कही। नवनियुक्त प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के समस्त विभागों का भ्रमण किया गया, उन्होने महाविद्यालय की स्वच्छता, प्रायोगिक रख-रखाव की प्रशंसा की। जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश केला जी ने प्राचार्य को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर प्रो. आर. के. तिवारी, श्री ऐश्वर्य सिंह ठाकुर, चेतना सोनी, डॉ. ए.के. तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, श्री मनोज यादव, श्री मुकेश कठौतिया, श्री पी.एम.शर्मा, श्री गिरीश देशपाण्डेय, भी उपस्थित रहें।

## बसना थानान्तर्गत दो पक्षों में मारपीट, काउंटर मामला दर्ज

**बसना (समय दर्शन)।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बडेटेमरी में मारपीट के मामले में दो पक्षों ने एक दुसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम बडेटेमरी निवासी रविन्द्र कश्यप ने पुलिस को बताया कि, 12 नवम्बर को सुबह करीब 8 बजे वह अपने चाचा परमानंद के घर से अपने घर वापस आया। उसी समय रविन्द्र की मां, दामाद विजय डडसेना व उनके साथ आये विवेक डडसेना व विरेन्द्र बंजारा के साथ खड़े थे। रविन्द्र के बहन दामाद विजय डडसेना ने पुरानी बात को लेकर विवाद करना शुरु किया, जिसे मना करने पर विजय डड़सेना एवं उसके साथ आये विवेक और विरेन्द्र बंजारा एकराय होकर हमारा क्या कर लेगा, कहते हुए अश्लील गाली गलौज कर रविन्द्र व उसके छोटे भाई शैलेन्द्र कश्यप के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

मारपीट करते देखकर रविन्द्र की पत्नी सेतकुमारी कश्यप एवं भाई बहु भारती कश्यप बीच बचाव करने आयी तो उनके साथ भी उन तीनों ने अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की।

मारपीट करने से रविन्द्र, शैलेन्द्र, सेतकुमारी और भारती कश्यप को चोट लगी है। घटना को गांव के गनपत विशाल, रिता कश्यप, लोकेश कश्यप देखे सुने व बीच बचाव किये हैं।

वहीं, जानकी कश्यप ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी राजकुमारी की शादी बंसुलाडीपा निवासी विजय डडसेना के साथ हुई है। 12 नवंबर को सुबह करीबन 8 बजे जानकी की बेटी राजकुमारी डडसेना एवं दामाद विजय डडसेना अपने दोस्त विवेक डडसेना एवं विरेन्द्र बंजारा के साथ आये। उसी समय जानकी का बेटा रविन्द्र कश्यप, शैलेन्द्र कश्यप और बहु सेतकुमारी एवं भारती कश्यप सभी आये और एकराय होकर खेत में बोये धान को काटने की बात को लेकर वाद-विवाद करने लगे और सभी ने जानकी एवं उसकी बेटी व दामाद को अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और जानकी के दोनों बहु को जमीन में धक्का देकर नीचे गिराकर मारपीट किये। बीच बवाव करने आये जानकी की बेटी, दामाद एवं विवेक डडसेना को भी वे सभी एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे।

जानकी ने आगे शिकायत में बताया है कि, उसके दोनो बेटों ने जानकी के दामाद, उनके दोस्त तथा जानकी की बेटी को जानकी के दोनों बहु जमीन में पटककर घसिट दिये। मारपीट से जानकी, राजकुमारी डडसेना, विजय डडसेना तथा विवेक डडसेना को चोट आयी है।

मामले में पुलिस ने आरोपी विजय डडसेना , विवेक डडसेना , विरेन्द्र बंजारा के खिलाफ 115(2)-ब्न्हृस, 296-ब्न्हृस, 3(5)-ब्न्हृस, 351(2)-ब्न्हृस के तहत तथा आरोपी रविन्द्र कश्यप , शैलेन्द्र कश्यप , सेतकुमारी कश्यप , भारती कश्यप के खिलाफ 115(2)-ब्न्हृस, 296-ब्न्हृस, 3(5)-ब्न्हृस, 351(2)-ब्न्हृस के तहत मामला दर्ज किया है।

### पाटन में गूंज़ेगी शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन गाथा, जनजातीय गौरव दिवस पर दिखाई जाएगी फिल्म

**पाटन।** जनजातीय गौरव दिवस पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी। पाटन में श्री सिनेप्लेक्स में इस छत्तीसगढ़ी फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा । मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू एवं सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने बताया कि श्री सिनेप्लेक्स डॉक्टर खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन के पीछे स्थित हैं। जहां पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन की गाथा बताते हुए जो फिल्म छत्तीसगढ़ी में निर्मित की गई है उसका प्रदर्शन 14 नवंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा । जनजातिय गौरव दिवस पर आयोजित इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य अतिथियों में श्याम बैंस पूर्व अध्यक्ष बीज निगम छत्तीसगढ़, भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा भाले सहित मौजूद रहेंगे।।

# मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा की किसान संघ ने की समीक्षा




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा की समीक्षा बैठक सोमवार 11 नवंबर को कृषि उपज मंडी में हुई। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त, 117 रूपये समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते हुए 3217 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी एवं पूरे तीन महीने धान खरीदी तथा ग्रीष्मकालीन धान को हस्तोत्साहित नहीं करने संबंधी मांग की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करने 6 नवंबर बुधवार को बड़ी संख्या में राजनांदगांव से रायपुर जाने किसान कृषि उपज मंडी, राजनांदगांव पहुँचे थे, जहां प्रशासन रबी धान में प्रतिबंध और आर्थिक जुर्माना नहीं होने की बात बताई और यात्रा को अंजोरा तक ले जाने एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर ज्ञापन देने का प्रस्ताव दिया, जिसे किसानों ने स्वीकारा, लेकिन प्रतिनिधि मंडल को कुम्हारी टोल में रोककर ज्ञापन देने कहा गया, जिसे प्रतिनिधि मंडल ने स्वीकार नहीं किया। प्रतिनिधि मंडल को आगे रायपुर भी नहीं जाने दिया गया।

समीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा प्रतिनिधि मंडल को धोखा देने के कृत्य को गैर जिम्मेदाराना, उकसाने वाला एवं निंदनीय बताया गया, वहीं मानपुर पुलिस द्वारा किसानों को यात्रा में शामिल होने से रोकने की कार्यवाही को दमनकारी एवं आलोकतांत्रिक ठहराया गया। जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं मानपुर पुलिस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव बैठक में सर्व सम्मति से पारित किया गया।

समीक्षा बैठक में गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाकर तैयार किए गए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन को उन तक भेजने पर चर्चा हुई। पूर्व में प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया था। मुख्यमंत्री से मिलने का समय भी मांगा गया था न मिलने का समय मिला न ही कोई सूचना मिला। मुख्यमंत्री निवास जाकर इन्हीं ज्ञापनों को देना चाहे तो पहले यात्रा को मना किया गया, फिर प्रतिनिधि मंडल के साथ धोखेबाजी कर रोका गया। ऐसे में प्रतिरोध दर्ज कराने एवं शीघ्र मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के उद्देश्य से डाक द्वारा ज्ञापन भेजने का फैसला लिया गया एवं बैठक के पश्चात सभी प्रधान डाकघर पोस्ट ऑफिस चौक पहुंचकर डाक द्वारा मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन के लिए ज्ञापन भेजे गए। किसान संघ ने लोकतंत्र में सत्ता की जनता से बढ़ती दूरी पर चिंता जाहिर किया है। राजशाही के युग में भी प्रजा घंटा बजाकर दरबार में फरियाद कर सकती थी। बड़े अफसोस की बात है कि लोकतंत्र में हमें अपने मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने संघर्ष करना पड़ रहा है।

धान कटाई जोरो पर है 14 नवम्बर से खरीदी भी चालू हो जाएगी, लेकिन समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ भी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया पर नजर रखते हुए प्रदेश में व्यापक आंदोलन के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया गया है। मानपुर के किसानों का मनोबल बढ़ाने एवं किसान आंदोलन में भागीदारी कराने संपर्क कर रणनीति बनाई जावेगी। साथ ही संभागवार जुझारू एवं प्रगतिशील किसानों की बैठक हेतु कार्य योजना शीघ्र ही कार्यकारिणी द्वारा तैयार की जावेगी।

प्रशासन एवं पुलिस की कारगुजारियों से लक्ष्य नहीं बदला जावेगा। हर हाल में समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ लेकर रहेगें। साथ ही बकाया चौथी किश्त एवं पूरे तीन महिने खरीदी की मांग जारी रहेगी।

**सार समाचार**

## मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल

### समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण करते हुए समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गयी। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के पहल पर वर्ष 2018 के बाद पहली बार सहकारी समितियों के लगभग 13 हजार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों की मांगों पर स्वयं संज्ञान लेकर इनके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे, इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष 10 नवम्बर को विभागीय अधिकारियों के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देश दिये। समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। इसमें समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत कर दी गई है, जिसमें सभी कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास व्याप्त है। खाद्य विभाग द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है कि धान उपार्जन समाप्त होने के एक माह के अंदर धान का उठाव राइस मिलर्स एवं विपणन संघ द्वारा किया जाएगा, यदि इसके पश्चात् भी उपार्जन केन्द्रों में धान शेष रहता है तो खाद्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों को धान की सूखत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाएगा। कर्मचारियों की अन्य मांग के निराकरण के संबंध में खाद्य विभाग, वित्त विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं विपणन संघ को शामिल करते हुए एक अंर्तविभागीय समिति का गठन किया गया है, जो कर्मचारी संघ की मांग पर विचार कर निराकरण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा संवेदनशीलता के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण करने पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

### डीन बोले- पुलिस कार्रवाई और कॉलेज से निकाल देना समाधान नहीं

# मेकाहारा में एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक: अधीक्षक और सभी विभागाध्यक्षों ने पीड़ित और आरोपी छात्रों से की पूछताछ






**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले में कमेटी ने शिकायतों की जांच के बाद एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्रों को दोषी मानते हुए निलंबित भी कर दिया गया है। वहीं कॉलेज डीन डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और सभी विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में आज एंटी-रैगिंग कमेटी की अहम बैठक हुई, जिसमें पीड़ित और आरोपी छात्रों से पूछताछ की गई। मामले में कॉलेज डीन विवेक चौधरी ने जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि रैगिंग की यह घटना बीते महीने प्रथम वर्ष के जूनियर छात्रों के साथ हुई थी। इसके बाद स्वजनों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से भी शिकायत की गई थी। साथ ही इंटरनेट मीडिया में भी इस तरह की शिकायतें पोस्ट कर उन्हें एनएमसी को टैग किया गया था, जिससे कॉलेज में खलबली मच गई। मामला गरमाने और विवाद गहराने के बाद आनन-फानन में एंटी-रैगिंग कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंप दी गई। एंटी-रैगिंग कमेटी ने शिकायतों की जांच में जूनियर छात्रों के आरोपों को सही पाया। इस पर एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्रों दीपराज वर्मा और अंशु जोशी को 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

एंटी रैगिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई ‌ डीन डॉ विवेक चौधरी

एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक के बाद कॉलेज के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी ने बताया, मामले में पीड़ित और आरोपी दोनों पक्षों से पूछताछ की गई है, अब एंटी रैगिंग कमेटी की जो रिपोर्ट होगी, उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मामला संज्ञान में आने के बाद प्राथमिक तौर पर कार्रवाई करते हुए तत्काल दो विद्यार्थियों को निलंबित किया गया था। उन्होंने कहा कि मैं खुद लगातार विद्यार्थियों के बीच जा रहा हूँ, उनके क्लास में जा रहा हूँ, विद्यार्थियों को समझाया गया है। जो भी समस्या है, तत्काल मुझे अवगत कराएँ। कॉलेज डीन डॉक्टर विवेक चौधरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव आयोजन में कार्यक्रम को लेकर विवाद की शुरुआत हुई थी और धीरे-धीरे बढ़ गई। मामले संज्ञान में आते ही तत्काल दोनों पक्षों को समझाया गया था, पुलिस कार्रवाई और कॉलेज से निकाल देना इसके लिए कोई स्थायी समाधान नहीं है, क्योंकि छात्रों के भविष्य के सवाल हैं। कार्रवाई होगी, रिपोर्ट अनुसार निलंबन अवधि बढ़ाई जाएगी। सूत्रों की मानें तो सीनियर छात्रों ने जूनियरों के साथ बेहद अमानवीय बर्ताव किया। ऐसी चर्चा है कि कई छात्रों के सिर भी मुंडवा दिए गए। इतना ही नहीं, प्रथम वर्ष के छात्रों का वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर जूनियर लड़कियों की फोटो मांगी जा रही थी। इसके अलावा सभी छात्रों को बाल एकदम बारीक यानी मुंडवाकर रखने, कॉलेज परिसर में फिट कपड़े न पहनने, सामान्य बैग टांगने, ज्यादा स्टाइलिश जूते न पहनने जैसे तुगलकी फरमान भी थोप दिए गए थे। शिकायतों में तो जूनियर छात्रों के साथ मारपीट की भी बात बताई गई है।

## सपेरे के भेष में पहुंचे बदमाशों ने महिला को बेहोश कर लूट लिया घर




**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर से लगे धरसीवां इलाके के कपसदा गांव में दो अज्ञात बदमाशों ने सपेरा बनकर एक महिला को बेहोश कर 48 हजार रूपये लूट लिये और फरार हो गये। पीड़ित महिला की शिकायत पर धरसींवा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना 11 नवंबर की है। धरसींवा के कपसदा गांव में रहने वाली पीड़िता रमशीला साहू घर पर अकेली थी। घर के अन्य लोग उनके पति, देवर, ससुर सभी काम में सिलतरा गए थे वहीं सास व देवरानी धान काटने खेत गए थे। इसी दौरान लगभग 11:30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति घर के बाहर आए। दोनों काला शर्ट व लुंगी पहने थे। एक आदमी हाथ में साप की टोकनी रखा था। उसने बोला कि हम लोग सपेरे हैं और चावल मांगा। इस जब महिला घर के अंदर से चावल लाई तो उन्होंने चावल नही लिया इस दौरान वह अपने घर के परछी में खड़ी थी तभी एक आदमी ने महिला के पास आकर चेहरे में किसी प्रकार का पावडर छिड़क दिया ।जिससे महिला बेहोश होकर नीचे जमीन में गिर गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लगभग 12:15 बजे होश आया तो दोनों आदमी गायब थे और सास के कमरे में रखी आलमारी टूटी हुई थी तथा सभी सामान बिखरा पड़ा था। साथ हीदेवरानी के कमरे में रखी आलमारी का भी ताला टूटा हुआ था और उसका भी सामान बिखरा पड़ा था। एवं पीड़ित महिला मेरे कमरे का भी आलमारी का ताला टूटा था और आलमारी में रखे चांदी के जेवर एक चांदी का पायल 5 तोला, करधन 3 तोला नहीं गायबा था। इस प्रकार कुल 48,000 कीमत के जेवर गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है

## विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का रायपुर में आत्मीय स्वागत



**रायपुर ( समय दर्शन )।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, दिल्ली के सोमवार को नगर आगमन पर जैन समुदाय के समाज प्रमुखों ने विश्व परिवार निजालय शंकर नगर में उनका आत्मीय स्वागत किया ।

स्वागत कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने श्री संजय जैन को 卐सम्मेद शिखर जी बचाओ आंदोलन का अग्रणी नेता बतलाया । दैनिक विश्व परिवार के संपादक प्रदीप जैन जी ने श्री संजय जैन जी की विवेकपूर्ण जुझारू शैली का आत्मीय अभिनंदन किया । राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अनिल जैन ने सामयिक मुद्दों के साथ-साथ अल्पसंख्यक आयोग में जैनों की संबंधता विषय पर प्रकाश डाला । बालब्रह्मचारी सुनील भैया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां विरोध हो वहीं से उर्जा प्राप्त कर समाधान ढूंढना चाहिए । श्री नागपुर प्रांतीय खंडेलवाल सभा के जोन संयोजक अरविंद जैन ने विश्व जैन संगठन को भारतवर्ष के संपूर्ण प्रांतों में सक्रिय करने पर जोर दिया । फिल्म निर्माता संतोष जैन पांड्या ने पूज्य संतो के दिशा निर्देशन में एक होकर पावन तीर्थो की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध होने की सलाह दी । शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष मनीष जैन ने जनगणना में धर्म के कॉलम में जैन शब्द लिखाने का सुझाव दिया ताकि हम जैनों की सही जनसंख्या की पूरी जानकारी सबके सामने आ सके । युवा सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश चंद्रकांत जैन ने जैन हित के राष्ट्रीय मुद्दों में युवाओं की प्रमुख एवं अग्रणी भूमिका पर जोर दिया । समस्त उपस्थित जनों की शंकाओं एवं प्रश्नों का उत्तर देने के साथ-साथ श्री संजय जैन जी ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा पावन तीर्थो की सुरक्षा एवं समाज हित के मुद्दों पर समाज के प्रत्येक घटक को एक होकर प्राणपण से संघर्ष करने का आव्हान किया । कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नरेश जैन, मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा, अमलतास दि. जैन मंदिर के अध्यक्ष अजीत जैन, भारतीय जैन संगठना के अध्यक्ष मनोज लुंकड़ एवं भावी अध्यक्ष विजय गंगवाल, इं. एस.के. जैन, डा. अमित जैन, राजेंद्र उमाठे, महेंद्र बांझल एवं प्रियेश प्रसंग जैन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही ।

## शाहरुख खान को धमकी मामले में मुंबई पुलिस ने फैजान खान को गिरफ्तार किया

**रायपुर ( समय दर्शन )।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में रायपुर के फैजान खान को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की टीम ने रविवार को रायपुर पहुंचकर फैजान को गिरफ्तार किया और उसे रायपुर कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाने की तैयारी की जा रही है। 5 नवंबर को शाहरुख खान को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके बाद मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में इस धमकी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और कॉल के नंबर का पता लगाया। पता चला कि यह नंबर रायपुर के पंडरी इलाके में रहने वाले फैजान खान का है। फैजान, जो पेशे से वकील हैं, ने दावा किया कि उनका मोबाइल फोन गुम हो गया है और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका उपयोग कर शाहरुख खान को धमकी दी है। 7 नवंबर को मुंबई पुलिस ने रायपुर के पंडरी थाना पहुंचकर फैजान को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। दो घंटे की लंबी पूछताछ में फैजान ने बताया कि उनका मोबाइल 2 नवंबर को शंकर नगर इलाके में गुम हो गया था, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने खम्हारडीह थाने में दर्ज कराई थी। फैजान ने पुलिस को आश्वासन दिया था कि धमकी भरा कॉल उन्होंने नहीं किया और यह किसी और ने उनके मोबाइल का उपयोग करके किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद फैजान को नोटिस देकर 11 नवंबर को बांद्रा थाने में पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि फैजान 11 नवंबर को मुंबई नहीं पहुंचे, जिसके बाद रविवार सुबह मुंबई पुलिस ने उन्हें रायपुर में गिरफ्तार कर लिया। फैजान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (4), 351 (3)(4) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, धमकी देने वाले शख्स ने 50 लाख की फिरौती भी मांगी थी और पैसे न मिलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। गिरफ्तारी के बाद फैजान ने मीडिया को बताया कि उन्होंने खम्हारडीह थाने में अपने मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया कि धमकी भरा कॉल किसी और ने उनके मोबाइल का उपयोग करके किया है।

## छत्तीसगढ़ियों के शोषक सुभाष अग्रवाल को दानवीर भामाशाह पुरस्कार मिलना आपत्तिजनक -सोनबेर

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव में राज्य अलंकरण विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को दिया गया है। दानवीर भामाशाह अवार्ड सुभाष अग्रवाल को दिया जाना आपत्तिजनक है। यह आरोप प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन संघ के प्रवक्ता वेगेंद्र सोनबेर एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभारी अशोक कश्यप ने संयुक्त रूप से लगाया। सोनबेर एवं कश्यप ने सुभाष अग्रवाल को छत्तीसगढ़ियों का शोषक बैंक में जमा राशि में हेरफेर एवं गरीबों का पैसा अपने पास रखकर शोषक होने का प्रमाण दिया है। ग्राम छुरी कटघोरा में वंदना पावर प्लांट में गरीब आदिवासियों को लूटने वाला ऐसा क्या दान किया है जिसपर मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग की गलत अनुशंसा पर उन्हें भामाशाह पुरस्कार दिया है। इस पुरस्कार के खिलाफ अशोक कश्यप ने मुख्यमंत्री राज्यपाल प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को पत्र लिखकर संपूर्ण मामले की जांचकर उक्त पुरस्कार राज्य शासन को वापस करने की मांग की है।

पटना में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु एकत्रित हुए।



## रायपुर में पहली बार हुई त्रिलोक तीर्थ वंदना

**रायपुर( समय दर्शन )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर के आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के चौथे दिन जिनभक्ति ॰ त्रिलोक तीर्थ वंदना की गई। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने प्रवचन मंडप में तैयार की गई तीर्थ एवं सभी आकृतियों की महत्ता को बताया। महिला मंडल द्वारा प्रवचन मंडप में करीब 8 घण्टे की मेहनत से तैयार की गई भव्यतम आकृतियां आकर्षण का केंद्र रही। चातुर्मास समिति के सचिव महेंद्र सराफ एवं उपाध्यक्ष मांगीलाल बरड़िया ने बताया कि पांच दिवसीय पंचाह्निका महोत्सव मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म. सा,मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म. सा,साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 8 नवम्बर से जारी है। महोत्सव के चौथे दिन रायपुर में प्रथम बार त्रिलोक तीर्थ वंदना का भव्य आयोजन किया गया। 14 राज लोक के त्रिलोक अर्थात उर्ध्वलोक , अधोलोक और पाताल लोक की वंदना की गई। उर्ध्वलोक में 12 देवलोक,9 गैवेयक एवं 5 अनुत्तर रहे हुए प्रत्येक जिनालय एवं भगवान की प्रतिमाओं की वंदना की गई। इसी तरह अधोलोक ( पाताल लोक) के देवों भवनपति एवं व्यंतर देव को वंदन किया गया। इसी तरह पृथ्वी लोक में जम्बूदीप में रहे हुए सभी जिनालय एवं प्रतिमाओं का वंदन किया गया। फल, नैवेद्य एवं रजत मुद्रा अर्पण की गई। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा 14 राज लोक, अढ़ाई दीप, मेरु पर्वत, नंदीश्वर दीप, रूचक कुंडलदीप की भव्यतम आकृति अनाज एवं अन्य सामग्रियों से सुंदर मनमोहक बनाई गई।

# चालू खरीफवर्ष के लिए धान खरीदी व्यवस्था की प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण : खाद्य मंत्री

### खाद्य मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की



**रायपुर( समय दर्शन )।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंत्री श्री बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री श्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है। खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था किया गया है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिये गये है। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

## दुर्घटना का शिकार होने से बची विशाखापट्टनम-दुर्ग वंदे भारत

**रायपुर( समय दर्शन )।** विशाखापट्टनम से दुर्ग जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार रात एक बड़ी दुर्घटना का शिकार होने से बच गई। ओडिशा के नुआपाड़ा रोड के पास ट्रेन के रेलवे ट्रैक पर एक बड़ा पत्थर रखा हुआ था, जिसे देखकर लोको पायलट ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को तुरंत रोक दिया। यह घटना रात करीब 10 बजे की है, जब ट्रेन रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट से लगभग 100 मीटर पहले ही रुक गई। लोको पायलट ने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया, जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक से पत्थर को हटाया। लगभग एक घंटे के बाद ट्रेन की आवाजाही सामान्य हो सकी। घटना की सूचना मिलने पर नुआपाड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची और इस बात की जांच शुरू की कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर किसने और क्यों रखा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह किसी की शरारत थी या फिर किसी गंभीर उद्देश्य के तहत ऐसा किया गया। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने लोको पायलट की सूझबूझ की सराहना की, जिसकी वजह से संभावित दुर्घटना टल गई। लोको पायलट की सतर्कता ने सैकड़ों यात्रियों की जान बचाई और एक बड़ी त्रासदी से वंदे भारत एक्सप्रेस को बचा लिया।

## संपादकीय

# सिख अलगाववादियों पर हमले बेतुका और निराधार

सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कनाडाई मंत्री के आरोपों को बेतुका और निराधार' करार देते हुए खारिज कर दिया। इससे पहले नई दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया गया और उन्हें एक नोट सौंपा गया जिसमें कनाडाई मंत्री के आचरण पर नाराजगी जताई गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नोट में भारत सरकार ने कनाडा के उपमंत्री डेविड मॉरिसन के आरोप पर गहरी नाराजगी जताई। मॉरिसन ने एक संसदीय पैनल के समक्ष कहा था कि कनाडा में सिख अलगाववादियों पर हमले की साजिश के पीछे पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी थे। दरअसल, कनाडा पुलिस ने जब से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच के दौरान मिले सबूतों' के आधार पर भारत सरकार के एजेंटों का नाम लिया है, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उभर आई है। कनाडा पुलिस ने कहा है कि उसकी जांच में कनाडा में हत्याओं और हिंसक कृत्यों' और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संबंधों का पता चलता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते दोनों ने एक दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया। कनाडा तनाव बनाए रखने का रवैया अपनाए हुए है, और बीते मंगलवार को कनाडाई मंत्री का बयान इसी सिलसिले का हिस्सा है। कनाडा आखिर, भारत के साथ संबंधों की कीमत पर इस प्रकार का रवैया क्यों अपनाए हुए है। दरअसल, कनाडा में निकट भविष्य में चुनाव होने हैं, और वहां सिखों की खासी आबादी है, जिस पर अलगाववादी खासा प्रभाव रखते हैं। इनके मतों पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की नजर है। इसलिए इन मतदाताओं के तुष्टिकरण की गरज से कनाडा गैर-जिम्मेदाराना हरकत किए जा रहा है। सबूत मांगे जाने की भी अनदेखी कर रहा है। राजनयिक परिपाटियों का घोर उल्लंघन' करने तक से नहीं चूक रहा। उसने भारत को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची तक में डाल दिया है। कनाडा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को ऑडियो और वीडियो निगरानी में रखकर उनका उत्पीडन्' शुरू कर दिया है। वह हर वो कोशिश कर रहा है जिससे भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित कर सके। जो भी आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में कोई प्रमाण भी पेश नहीं कर रहा। कहा जा सकता है कि कनाडा के व्यवहार में परिपक्वता का अभाव है।

# जनता के चुने हुए प्रतिनिधि की जिम्मेदारी का निर्वाह

**रजनीश कपूर**

चौदहवीं लोक सभा के अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि संसद का बहिष्कार करने वाले सांसदों का दैनिक भत्ता काट लिया जाना चाहिए। आपको शायद ज्ञात हो कि लोक सभा सत्र के दौरान मात्र एक मिनट की कार्यवाही पर सदन का खर्चा लगभग ढाई लाख रुपए आता है। चटर्जी का मानना था कि ऐसे कानूनी प्रावधान या नियम तय किया जाना चाहिए जिनसे सांसद सदन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। पर अफसोस है कि इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर तब से अब तक ऐसा कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। निस्संदेह यह गंभीर समस्या है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि चाहे वे सांसद हो या विधायक अक्सर सदन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह गंभीरता से नहीं करते। वैसे तो सांसदों के आचरण से क्षुब्ध हो कर तत्कालीन दिवंगत लोक सभाध्यक्ष जीएमसी बालयोगी ने भी यह मांग उठाई थी और कुछ सख्त कार्यवाही पर सहमति भी बनी थी पर उसे लागू करने में विभिन्न पार्टी नेताओं की आनाकानी से उसमें वे सफल नहीं हो पाए थे, परंतु इस मुद्दे पर यदि गंभीरता से सभी पार्टी नेता अपना सहयोग सांसदों के आचरण के सुधार की पहल में करते हैं तो कोई कारण नहीं जो लोक सभा की कार्यवाहियों के समय को जाया जाने से बचाया न जा सके। अगर ऐसा लोक सभा में हो जाता है तो इससे सीख लेकर प्रदेश सरकार अपने-अपने विधानसभाओं में विधायकों को सांसदों के आचरण का अनुसरण जैसी सीख देने में सफल हो सकते हैं वरना जनता के खून-पसीने की कमाई को यूं ही जनसेवक बर्बाद करते रहेंगे और जनता यूं ही देखती रह जाएगी। ऐसे तमाम उदाहरण हैं जहां सांसदों के आचरण के कारण कई लोक सभा सत्र के दौरान हो-हल्ला मचने से बर्बाद हुए। अब आप समझ सकते हैं कि मात्र एक मिनट लोक सभा कार्यवाही का खर्चा जब ढाई लाख रुपए आता है तो बीते लोक सभा सत्रों के दौरान इतने समय की कीमत से अगर विकास कार्य होता या किसानों के कर्ज को माफ किया गया होता तो आए दिन कर्ज के कारण देश जिस प्रकार किसान आत्महत्या कर रहे हैं उनमें से कुछ को अवश्य ही बचाया जा सकता है। एक तरफ तो कर्ज और भुखमरी के कारण लोग असमय मर रहे हैं और दूसरी ओर समय की कीमत को न समझना यह समझदारी कतई नहीं हो सकती। कुछ वर्ष पहले पत्रकार सूर्य प्रकाश ने सांसदों के व्यवहार पर एक शोध किया। अनेकों सांसदों से बातचीत के आधार पर उन्होंने अंग्रेजी में अपनी पुस्तक व्हाट एल्स इंडियन पार्लियामेंट-एन एग्जक्टिव डायग्नोसिस' छापी। जिसमें खुद सांसदों ने यह स्वीकारा था कि वे किस तरह का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार सदन में करते हैं। मसलन, सांसदों ने ही बताया कि किस तरह बिना कोरम पूरे किए ही महत्त्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की खानापूर्ति हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि अक्सर सांसदों की रुचि संसद की कार्यवाही में नहीं होती और वे अपनी उपस्थित रजिस्टर पर दस्तखत करके सत्र के दौरान सदन से गायब रहते हैं, दस्तखत इसलिए करते हैं कि उन्हें भत्ते के रूप में मिलने वाली धनराशि 1000 मिल जाए। सांसदों ने यह भी बताया कि प्रश्न पूछने के लिए किस तरह के गैर-जिम्मेदाराना कार्य किए जाते हैं, जिनसे अपने क्षेत्र या देश का हित नहीं बल्कि निहित स्वाथरे का हित पूरा होता हैं। पिछले एक दशक में उजागर हुए अनेक किस्म के घोटालों से बहुत से सांसदों के चरित्र और कार्य शैली पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं, जिनका यहां खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है।

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग क्यों अलापा जा रहा है?

**सुरेश हिंदुस्तानी**

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है।



वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफ़न करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। ज़ब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, ज़ब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान क़ानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हावी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।

# बाल दिवस : बच्चों की मुस्कान का त्योहार

बाल दिवस भारत में 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें बच्चों से अपार प्रेम था। बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहते थे। वे बच्चों के साथ खेलना-कूदना पसंद करते थे और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देते थे। आइए जानें इस दिन का इतिहास, महत्व और आज के परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता।

बाल दिवस की शुरुआत 1956 में हुई। पंडित नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी परवरिश में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उनका विश्वास था कि बच्चों को खेल और पढ़ाई का संतुलित माहौल मिलना चाहिए। वे हमेशा कहते थे कि बच्चों की आंखों में देश का भविष्य झलकता है। उनके इस विचार ने बाल दिवस की नींव रखी।

बाल दिवस का महत्व समाज में बच्चों के स्थान को रेखांकित करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाल बचपन का अधिकार है। यह दिवस बच्चों के मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है और समाज को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। शिक्षा का महत्व इस दिन की




मूल भावना में निहित है, जो सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने की प्रतिबद्धता को दोहराता है।

वर्तमान समय में बच्चों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। शैक्षणिक दबाव के कारण बच्चों का बचपन कहीं खो सा रहा है। अंकों की होड़ में वे अपनी बाल सुलभ चंचलता भूलते जा रहे हैं। डिजिटल युग में मोबाइल और इंटरनेट का बढ़ता प्रभाव उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित कर रहा है। पढ़ाई के बोझ के कारण खेल-कूद का समय कम होता जा रहा है।

इन चुनौतियों का समाधान एक संतुलित दृष्टिकोण में छिपा है। बच्चों को एक ऐसी दिनचर्या दी जानी चाहिए जिसमें पढ़ाई और खेल का उचित संतुलन हो। माता-पिता को चाहिए कि वे अंकों के लिए दबाव न डालें और सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाएं। बच्चों की रुचि के अनुसार खेल और कला गतिविधियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि माता-पिता अपने बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं।

आज के बच्चों को समझना होगा कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय है। इसे अंकों की दौड़ में नहीं खोना चाहिए। खेलें, मुस्कुराएं, सीखें और अपनी कल्पनाओं को उड़ान दें। हर बच्चा विशेष है और उसकी अपनी प्रतिभा है। यह जरूरी नहीं कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बने। कुछ बच्चे कलाकार बन सकते हैं, कुछ खिलाड़ी और कुछ वैज्ञानिक। अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है।

बच्चों का सर्वांगीण विकास आज की आवश्यकता है। उन्हें ऐसी शिक्षा दी जाए जो केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न हो, बल्कि जीवन कौशल भी सिखाए। खेल-कूद, कला, संगीत जैसी गतिविधियां उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चों को प्रकृति के करीब लाना, उनमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जगाना, और सामाजिक मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है।

बाल दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक अवसर है जब हम अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बच्चे हमारे देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान भी हैं। उनकी मुस्कान में ही हमारे देश का उज्जवल भविष्य छिपा है। आइए, हम सब मिलकर बच्चों के लिए एक ऐसा वातावरण बनाएं जहां वे बिना किसी दबाव के अपना विकास कर सकें, अपनी प्रतिभा को निखार सकें और एक खुशहाल बचपन जी सकें।

हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि बच्चों की आंखों में जो सपने हैं, वही हमारे देश का भविष्य हैं। उनकी छोटी-छोटी खुशियों में ही हमारे समाज की प्रगति छिपी है। आइए, हम सब मिलकर उनके सपनों को पंख दें और उनके भविष्य को उज्जवल बनाएं।

**– वासवी राजू बरडे**

# ईवीएम पर संदेह की उंगली

**तनवीर जाफरी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज द्वारा किए गए एक्जिट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया था, बल्कि बड़े-बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया था। +मजे की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गद्गद् नहीं थी, बल्कि स्वयं भाजपा को भी यह अहसास था कि किसान आंदोलन, अग्निवीर योजना, पहलवानों, महंगाई जैसे तमाम ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी आशंका के कारण भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। भाजपा की इस कवायद के बावजूद उसके 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गए। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सिंह सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें तो ऐसी रही जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हजार से भी कम रहा। चूंकि हरियाणा में विधानसभा के नतीजे कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित थे, इससिलए कांग्रेस ने सीधा आरोप लगा दिया कि हरियाणा चुनाव में उसे हरवाया गया है। उसका आरोप था कि कई जगह ईवीएम को हैक किया गया। इस सबके बीच सवाल यह भी उठा कि अनेक ईवीएम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व




95त्न तक दिखा रही थी, जबकि मतदान के अंतिम समय में प्राय: ईवीएम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60-70 फीसद के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप था कि जहां-जहां ईवीएम में बैटरी कम थी वहां-वहां कांग्रेस को प्राय: बढ़त मिली। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ईवीएम को बदल दिया गया था। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इस तरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज कराई। सवाल यह है कि बीती 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय पर मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था, राजा की आत्मा ईवीएम में है', उस समय राहुल गांधी ही नहीं, बल्कि एमके स्टालिन और फारूक अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय भी सभी का ईवीएम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि हरियाणा के साथ-साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव परिणाम आए तो जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिले स्पष्ट बहुमत को स्वीकारा जा रहा है, लेकिन हरियाणा में भाजपा को मिली जीत प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को पच नहीं पा रही। और वे खिसियायी बिल्ली खंबा नोचे के अंदाज में अपनी हार की भड़ास ईवीएम के त्रुटिपूर्ण होने की बात कहकर निकाल रहे हैं। बेशक, लोकतंत्र को सबको अपनी बात या राय रखने का हक है, लेकिन आचरण में दोहरापन नहीं होना चाहिए। यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ईवीएम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों? इससे पता चलता है कि वे अपनी हार को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, और चुनाव प्रक्रिया का अभिन्न और अविश्सनीय अंग बन चुके जरिए पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस प्रकार का आचरण किसी भी सूरत में लोकतंत्र के हित में नहीं है। उसे ध्यान रहना चाहिए कि पिछले लोक सभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया था। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ईवीएम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ईवीएम ठीक थी? और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ईवीएम को ही गलत बताते हैं फिर आखिर अब तक पूरे विपक्ष ने मिल कर ईवीएम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे ईवीएम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुल कर साथ नहीं दिया था?

यदि वास्तव में ईवीएम निष्पक्ष चुनाव प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिए घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिए। यहां तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता, तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ईवीएम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिए क्योंकि सच तो यह है कि ईवीएम पर शुरु आती संदेह की उंगली तो भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी और सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा ही उठाई गई थी। वैसे भी इसकी संदिग्धता को लेकर इसलिए भी सवाल उठते रहते हैं कि आखिर, दुनिया के अनेक आधुनिक देशों ने इसका प्रचलन अपने देशों में क्यों बंद कर दिया? और आधुनिक होने के बावजूद ऐसे देशों में आज भी चुनाव बैलट पेपर द्वारा ही क्यों कराए जाते हैं? ईवीएम की संदिग्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट,पारदर्शी और सर्वस्वीकार्य होनी चाहिए। बेईमानी पर आधारित लोकतंत्र वास्तविक लोकतंत्र का परिचायक नहीं हो सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### धमतरी पुलिस,चौकी बिरेझर द्वारा अवैध रुप से शराब बेचने वाले आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



**आरोपी से कुल 05 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 550/-रुपये, 04 पौवा व्हीस्की कीमती 520/- रूपये,बिक्री रकम 230/- रुपये,जुमला 1,300/-रूपये जप्त कर,धारा 34 (1)(ख)आब0एक्ट के तहत की गई कार्यवाही**

**धमतरी पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर की जा रही है वैधानिक कार्यवाही***

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** संक्षिप्त विवरण*-: धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर के सूचना मिली की एक व्यक्ति द्वारा कचना अंबेडकर चौक के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर तत्काल बिरेझर पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी किशोर टंडन उर्फकरन पिता सोनसाय टंडन उम्र 22 वर्ष साकीन कचना के कब्जे से थैले के अंदर 05 पौवा देशी मशाला कीमती 550/- रूपये,04 पौवा आईकान प्रीमियम व्हिस्की 04 पौवा कीमती 520/- रूपये एवं बिक्री रकम 230/- रूपये जुमला कीमती 1300/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध चौकी बिरेझर, थाना कुरूद में अप0 क्र0 484/24 धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

आरोपी का नाम*-किशोर टंडन उर्फकरन पिता सोनसाय टंडन, उम्र 22 वर्ष साकीन कचना,चौकी- बिरेझर,थाना- कुरुद, जिला- धमतरी (छ0ग0)सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी बिरेझर से प्रआर. शेषनारायण पांडेय,सोहन नेताम,आर.जितेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

### सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने 3500 युवाओं को तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित कर 2024 प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया

**गुरुग्रामः** सैमसंग इंडिया ने साल 2024 के सैमसंग इनोवेशन कैम्पयस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत 3500 विद्यार्थियों को प्रमाणित करने का काम पूरा कर लिया है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पिस भारत सरकार की #SkillIndia और #DigitalIndia पहलों के अनुरूप है और इसका फोकस युवाओं की नौकरी करने की योग्याता को बढ़ाने पर है। इसके अंतर्गत उन्हें तकनीकी के अधिक मांग वाले क्षेत्रों जैसे कि एआई, इंटरनेट ऑफ थिंगसर, बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किया जाता है। वर्ष 2024 में सैमसंग की प्रमुख सीएसआर पहल ने 3500 विद्यार्थियों को शामिल करते हुए अपनी पहुँच बढ़ाई, जबकि 2023 में 3000 विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया गया था। इसमें एसआईसी प्रमाणन के 12 इवेंट्स हुए थे, जिनका आयोजन उत्तयर प्रदेश, दिल्लीक एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थाबनों में हुआ था। एसआईसी के अंतर्गत कोर्सेस छह यूनिवर्सिटीज और एक नेशनल स्किलिंग इंस्टिट्यूट में चले। सैमसंग साउथवेस्ट् एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, ''एआई नई-नई टेक्नोंलॉजी वाले जमाने की शुरूआत करते हुए हमारी जिन्दिगी को बदलने के लिये तैयार है। ऐसे में आज के युवाओं को शामिल करना और बेहतर भविष्यम बनाने के लिये उनकी क्षमता का इस्ते माल करना आवश्यआक है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पऔस के माध्यषम से हम भारतीय युवाओं में कौशल की कमी को दूर करना चाहते हैं, ताकि वे भविष्य में नई-नई खोज कर सकें। यह प्रोग्राम भारत के विकास की गाथा, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का एक मजबूत भागीदार एवं योगदान देने वाला बनने के लिये सैमसंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।'' उत्कृाष्टनता के लिये सैमसंग द्वारा लगातार प्रोत्सा हन दिये जाने के तहत इन शै ?क्षणिक संस्थीनों में हर डोमेन के टॉपर्स को अब 1 लाख रूपये का नगद पुरस्कागर और सैमसंग के प्रोडक्टक दिये जाएंगे।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से, केन्द्रों में सभी तैयारियां पूरी

### खरीफविपणन वर्ष 2024-25 : कमाण्ड सेंटर से की जाएगी खरीदी केन्द्रों की निगरानी

### धान खरीदी संबंधित समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी

**मुंगेली/समय दर्शन।** शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू की जाएगी। इसके लिए जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धान विक्रय में अनियमितता को रोकने जिला कलेक्टोरेट स्थित कमाण्ड सेंटर से निगरानी की जाएगी। धान खरीदी संबंधित समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाईन नम्बर भी जारी किया गया है। किसान जिला प्रशासन द्वारा संचालित कॉल सेंटर के नम्बर 9406275534 एवं 8641002203 में कॉल कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

कलेक्टर श्री राहुल देव के निर्देशानुसार चेकलिस्ट अनुसार साफ-सफाई, इलेक्ट्रिक तौल मशीन, सीसीटीवी कैमरा, नमी मापक यंत्र, बायोमेट्रिक डिवाइस, बारदाना, धान का मूल्य व टोल फ्री नम्बर प्रदर्शित बैनर-पोस्टर, पेयजल, विद्युत, इंटरनेट, कम्प्यूटर-प्रिंटर सहित सभी व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की पूरी व्यवस्था का पर्यवेक्षण एवं निगरानी रखने तथा धान उपार्जन, उसका परिदान, बारदानों की समुचित उपलब्धता के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। खरीदी केन्द्रों में महिला किसानों के लिए विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर ने कहा है कि धान खरीदी में अनियमितता की शिकायत नहीं आनी चाहिए। कानून व्यवस्था बनी रहे। वास्तविक किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। उन्होंने सुव्यवस्थित धान



खरीदी के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, उपार्जन केन्द्रों का लगातार मॉनिटरिंग करने और प्रतिदिन उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित कर कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

**जिले के 01 लाख 10 हजार 103 पंजीकृत किसानों से खरीदा जाएगा धान-** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 10 हजार 103 पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 06 हजार 58 हजार नवीन किसानों के 3185.46 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है। इसे मिलाकर जिले में कुल 114485.47 हेक्टेयर रकबे का धान खरीदा जाएगा। धान खरीदने के लिए सात दिवस पूर्व टोकन जारी किये जाएंगे। सीमांत एवं लघु किसानों को टोकन जारी करने में प्राथमिकता दी जायेगी।

**कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों की ली बैठक-**कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। आप लोगों के सहयोग से वर्ष 2022 के दौरान धान खरीदी में जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य पूरा हुआ था। उसी प्रकार इस वर्ष भी जीरो शार्टेज के लक्ष्य को पूरा करना है। धान बेचने समिति में आने वाले किसानों से आपसी समन्वय बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए अधिकारियों से सहयोग लेकर कार्य करें। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने प्रोत्साहित किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसानों में नजर आ रहा खासा उत्साह-** समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले में किसानों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। लोरमी विकासखण्ड के ग्राम चंदली के किसान श्री बेदराम साहू ने बताया कि 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो रही है। उनके उपार्जन केन्द्र में जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई है। किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठक व्यवस्था आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। श्री साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षकों के लिए बनाया गया आवास गृह हुआ खंडहर



### शिक्षा विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान...

**शंकर लहरे / महासमुंद ( समय दर्शन )।** जिले में शिक्षको के. रहने के लिए लाखों रुपए खर्च कर शिक्षक आवास गृह बनाया गया है.. लेकिन धीरे धीरे यह घर खंडहर में तब्दील हो रहा है... 1 बीएचके का कुल 5 घर बनाया गया है.. लेकिन उस घर में अभी तक कोई शिक्षक नहीं रहते है... आवास गृह का परिसर भी जंगल भी तब्दील हो गया है.. साथ ही घर के दरवाजे, पानी पाइप भी पूरी तरह टूट गए है...

दरअसल महासमुंद जिला मुख्यालय से 134 किलोमीटर दूर बांजीबाहल गांव में शिक्षको के रहने के लिए 1बीएचके कुल 5 घर बनाये गए है... लोक निर्माण विभाग ने घर बनाकर शिक्षा विभाग को सौंप दिया हैं... लाखो रुपए खर्च कर बनाया गया घर शिक्षको की राह देख रहा हैं... लेकिन घर बनने के डेढ़ साल भी अभी तक कोई शिक्षक वहा नहीं रुक रहा हैं... और न ही शिक्षा विभाग ध्यान दे रहा हैं... सवाल यह हैं की ज़ब आवास की जरूरत नहीं थीं तो उसे क्यों बनाया गया हैं... और अगर जरूरत हैं तो फिर शिक्षक क्यों नहीं रुक रहे हैं?? क्यों लाखों रुपए के घर को खंडहर में तब्दील किया जा रहा हैं?...

# पिथौरा तहसील के ग्राम बीजेमल में 196 कट्टा अवैध धान जब्त

**महासमुंद( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम बीजेमल में अवैध धान के भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ओंकारेश्वर सिंह द्वारा की गई इस छापेमारी में 196 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, धान के अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि इस सीजन में किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अवैध धान का संग्रहण किसानों के अधिकारों के साथ धोखाधड़ी करने जैसा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि



सरकार की सख्त नीति के चलते अवैध धान भंडारण की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। जप्त की गई धान को फिलहाल स्थानीय प्रशासन की अभिरक्षा में रखा गया है, और जांच के बाद संबंधित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# धान खरीदी की सभी तैयारियां पूर्ण



### किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी खरीदी

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** महासमुंद जिले सहित पूरे प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई इन व्यवस्थाओं से किसानों में उत्साह का माहौल है। खेतों में धान की कटाई कर रहे किसानों को इस बार समर्थन मूल्य के रूप में 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलने से विशेष खुशी है। ग्राम बरोंडाबाज़ार के धान खरीदी केंद्र में आवश्यक व्यवस्थाएँ जैसे पानी, छाँव, तिरपाल और हमाल की पूरी तैयारी कर ली गई है। समिति प्रबंधक ने बताया कि इस केंद्र में 1832 पंजीकृत किसान और 78 नए किसान हैं, जो सात गांवों से आते हैं। ग्राम लाफिन कला के किसान राधाराम साहू ने कहा कि उन्होंने 5 एकड़ में फसल ली है, और इस बार सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि की संभावना है। ग्राम बरोंडाबाज़ार के किसान छगन लाल बांधे ने खुशी जाहिर की कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा अब 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की जा रही है, सरकार अपना वादा निभा रही है। इस बार अब जेब में ज़्यादा पैसे आयेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार की प्रयासों से अब लागत में भी ज़्यादा अंतर नहीं आया है। इसलिए 3100 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदने से बचत भी ज्यादा होगी

# बालोद जिले में 14 नवंबर को 143 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर की जाएगी धान की खरीदी

### धान खरीदी के प्रथम दिवस 2842 किसानों को किया गया है टोकन जारी

**बालोद ( समय दर्शन )।** बालोद जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 नवंबर 2024 को 143 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की जाएगी। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 01 लाख 54 हजार 144 किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया कि धान विक्रय हेतु कुल 2842 किसानों को टोकन जारी किया गया है। जिसमें समिति द्वारा 212 टोकन और टोकन तुंहर दुआर अंतर्गत 2630 टोकन शामिल है। उन्होंने बताया कि जारी टोकन के द्वारा कुल 01 लाख 18 हजार 175 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी पंजीकृत किसानों से शतप्रतिशत बॉयोमेट्रिक से की जाएगी। यदि किसान का अंगूठा मिलान नहीं करता है तो उनके द्वारा नियुक्त नामिनी के द्वारा धान का विक्रय किया जा सकेगा। उसके उपरांत भी यदि कोई समस्या आती है तो तीसरा विकल्प ट्रस्टेड पर्सन एवं चैथा विकल्प मोबाईल ऐप से ओटीपी के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी। इस तरह इस वर्ष किसानों को धान के विक्रय हेतु चार प्रकार की सुविधा दी गई है। शासन के निर्देशानुसार सीमांत एव लघु कृषको से 02 टोकन में एवं दीर्घ किसानों से 03 टोकन में धान की खरीदी की जाएगी। धान की खरीदी हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में नए जूट बारदाने प्रदाय किए गए हैं। साथ ही पुराने बारदाने नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों में भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान की खरीदी शतप्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक तराजू से की जाएगी। जिला खाद्य अधिकारी ने पंजीकृत किसानों से अपील की है कि धान विक्रय हेतु टोकन कटाने के पूर्व भली-भांति देख लें कि वे यदि सीमांत या लघु कृषक हैं तो उन्हें 02 ही बार टोकन धान विक्रय हेतु मिलेगा। उसी प्रकार दीर्घ कृषकों को 03 बार टोकन में ही उत्पादित धान का विक्रय करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसान अपना उत्पादित धान विक्रय करने के पश्चात् शेष रकबा बचता है तो समिति को लिखित में सहमति पत्र दे सकते हैं।

# कुम्हारों के हुनर को मिला सम्मान : पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने लगाए गए शिविर

### कलेक्टर ने कुम्हारों से बातचीत कर योजना का लाभ लेने किया प्रोत्साहित, शिविर में 95 कुम्हारों ने उठाया लाभ

**मुंगेली ( समय दर्शन )।** जिले के कुम्हारों के हुनर को सम्मान देने और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने कलेक्टर श्री राहुल देव के निर्देश पर आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूरदराज से आए कुम्हारों का पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। शिविर में पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत 61 कुम्हारों का पंजीयन, 13 आयुष्मान कार्ड तथा 21 हितग्राहियों का आधार कार्ड अपडेशन कर लाभान्वित किया गया।

कलेक्टर ने कुम्हारों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हुनर को रोजगार का रूप देने पीएम विश्वकर्मा योजना शासन की एक महत्वकांक्षी पहल है। योजना के अंतर्गत पंजीयन करने पर आपको कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ-साथ टूलकिट एवं लोन की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कुम्हारों की समस्याओं को सुना और आवश्यकता अनुरूप मिट्टी एवं चाक उपलब्ध कराने की भी बात कही। बता दें कि दीपावली के पूर्व कलेक्टर एवं एसपी ने कुम्हारपारा पर जाकर कुम्हारों से भेंट-मुलाकात की थी और उन्हें



पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान, आधार और राशन कार्ड के शिविर लगाकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय, लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी निशी देवांगन सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी सहायक संचालक श्री अजय शतरंज ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीयन करने पर शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण और स्टाइपेंड दिया जाता है। इसके साथ-साथ 15 हजार तक की टूल किट प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात आवश्यकतानुरूप महज 05 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 03 लाख तक का बिना गारंटी ऋण भी प्रदान किया जाता है।

**शिविर में पहुंचे कुम्हारों ने साझा किए अपना अनुभव-** शिविर में पहुंचे कुम्हारों ने अपना अनुभव साझा किए। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बरेला के चेतन कुम्भकार ने बताया कि वह मिट्टी के दिया, घड़ा, गुल्लक आदि बनाने का काम करते हैं। जिला कलेक्टोरेट में विश्वकर्मा योजना के लिए कैम्प लगाया गया है, जिसमें पंजीयन कराकर कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करूंगा और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाऊंगा। इसी प्रकार बरेला की चम्पा बाई ने बताया कि योजनांतर्गत प्रशिक्षण लेने से व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए शासन-प्रशासन का आभार जताया।

## संक्षिप्त समाचार

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने धान खरीदी के पूर्व तैयारियों का जायजा लिया



**सारंगढ़ बिलाईगढ़, ( समय दर्शन )**/ खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य के पूर्व, धान खरीदी की समुचित व्यवस्था की तैयारी के संबंध में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोतरी और हरदी का निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को सभी प्रकार की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बरदाना, सीसीटीवी कैमरा, पॉलिथीन, प्राथमिक उपचार बॉक्स, आद्रतामापी यंत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मार्कफेड, कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## लेखापाल के घर से सोने-चांदी के जेवर और पैसों की चोरी

**बसना( समय दर्शन )।** 13 नवम्बर 2024 को बसना थाना क्षेत्र के अरेकेलडीपा डब्बू कॉलोनी निवासी लेखापाल के घर से सोने चांदी के जेवर और पैसों की चोरी की खबर सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, अरेकेलडीपा डब्बू कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र नायक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा में लेखापाल के पद पर पदस्थ है। 09 नवम्बर को दोपहर करीब 03:30 बजे शैलेन्द्र अपने परिवार के साथ निजी कार्य से रायपुर गया था। 11 नवम्बर को शाम करीब 6 बजे घर वापस आया तो देखा की सामने गेट का ताला बंद था। जब ताला खोलकर अंदर घुसे तो अंदर के दरवाजे का ताला नहीं था। तब घर के अंदर जाकर देखे तो बेडरूम में पलंग का दराज खुला एवं सामान बिखरा हुआ था। शैलेन्द्र को चोरी होने की शंका होने पर अलमारी खोलकर चेक किया तो पता चला कि, चांदी का 06 नग पायल, चांदी का बिछिया 04 नग, चांदी का 02 नग कर्धन, चांदी का 02 नग चुडा, 01 नग सोने का चैन, नगद 5000 रूपये, जुमला कीमती 60,000 रूपये को किसी अज्ञात चोर ने घर अंदर घुसकर चोरी कर ली है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 305(ड्ड) के तहत अपराध कायम कर विवेचना मे लिया है।

## मिशन का पदाधिकारी नितिन लॉरेंस पृथक-पृथक पिटीशन में अपना पद नाम क्यों बदलता है

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** बिलासपुर मिशन अस्पताल के लीज निरस्तीकरण के प्रकरण में डायोसिस ऑफ़ छत्तीसगढ़ (सीएनआई) के पदाधिकारी नितिन लॉरेंस के द्वारा विभिन्न न्यायालय में अपने पद को बार-बार बदल दिया जाता है। तकनीकी रूप से वे इन पदों पर पावर ऑफअटॉर्नी के द्वारा नियुक्त हुए हैं जिसकी तारीख 5 मार्च 2024 है। मिशन अस्पताल लीज प्रकरण में कलेक्टर का पहला आदेश 26 जून 2024 का है। इस प्रकरण में आवेदक डायरेक्टर मिशन अस्पताल रमन जोगी के नाम का जिक्र है। लीज नवीनीकरण का मूल आवेदन इन्हीं के द्वारा प्रस्तुत हुआ। 28 जून के आवेदन के बाद हाई कोर्ट में प्रस्तुत डब्ल्यूपीसी नम्बर 2675-2024 में पीटीशनर नंबर 1 यूसीएनआईटीए सेक्रेटरी नितिन लॉरेंस डायोसिस ऑफ़छत्तीसगढ़ (सीएनआई) और दूसरा पीटीशनर सीडब्लूबीएम डायरेक्टर रमन जोगी है। इसके बाद जब मामला कमिश्नर कोर्ट में पहुंचा तो नितिन लॉरेंस ने स्वयं को आम मुख्तियार सीडब्लूबीएम बताया। कमिश्नर कोर्ट का आदेश 30 अक्टूबर 2024 के बाद जब यह मामला फिर से हाई कोर्ट पहुंचा। डब्ल्यूपीसी 5549-2024 में नितिन लॉरेंस ने स्वयं को सीडब्लूबीएम का डायरेक्टर और सीएनआई का सेक्रेटरी बताया। नितिन लॉरेंस द्वारा कमिश्नर कोर्ट में प्रस्तुत की गई याचिका में अनावेदक नजूल अधिकारी ने अपने लिखित तर्क में ही स्पष्ट किया है। आवेदन पत्र की कनिका एक अर्थात आम मुख्तियार एवं सचिव नितिन लॉरेंस पुणे असत्य होने से अस्वीकार है। प्रश्न उठता है कि 5 मार्च 2024 में जो पावर ऑफ अटॉर्नी दी गई है उसमें नितिन लॉरेंस और जयदीप रॉबिंसन को संयुक्त रूप से यह पावर ऑफअटॉर्नी प्रदान की गई यह स्पेशल पावर ऑफ अटॉर्नी है। ऐसे में संस्था की पदाधिकारी विभिन्न न्यायालयों में मन माफिक्र तरीके से अपने पद नाम कैसे बदल सकते हैं। क्या पीठासीन अधिकारी ने पीटीशनर के इस व्यवहार की अनदेखी कर दी यह साधारण चूक नहीं है। यदि इस प्रकरण में इस अनियमितता को विधि का प्रश्न बना दिया जाए तो इसे पीटीशनर की सोची समझी साजिश भी पाया जा सकता है। जो न्यायालय से राहत प्राप्त करने के लिए की गई है। 5 मार्च की स्पेशल पावर ऑफअटॉर्नी में केवल तीन संपत्तियों की देखभाल का उल्लेख भी है।

# किरारी में खुल रहे क्रशर के लिए इंदिरा उद्यान में हुई लोक सुनवाई में जबरदस्त विरोध

### अस्सी प्रतिशत लोगों ने किया विरोध, लोगों का आक्रोश देख सहम गए अधिकारी





**जांजगीर**-अकलतरा। जिले के ग्राम किरारी में खुल रहे दो क्रशर खदानों के लिए लोक सुनवाई अकलतरा के इंदिरा उद्यान में बुधवार को रखी गई थी, जिसकी शुरुआत ही विरोध से हुई। इस क्रशर के खुलने का जबरदस्त विरोध किरारी के पढ़े-लिखे लोगों और साथ ही अकलतरा के प्रबुद्ध नागरिकों ने किया।

लोक सुनवाई के प्रखर विरोध में कांग्रेस नेता इमरान खान ने कहा कि सबसे पहले तो इसकी जनसुनवाई किरारी में होनी थी न कि इंदिरा उद्यान में। अकलतरा का इंदिरा उद्यान पर्यटकों के लिए बना है न कि लोक सुनवाई के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज किरारी के गौण खनिज की राशि केवल कुछ लोगों की जेब में जा रही है और खदानों से निकलती धूल को गांव वाले खाने को मजबूर हैं। उन्होंने अधिकारियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आप में हिम्मत है तो चलिए एक दिन किरारी में रहकर देखिए, गांव वाले किस डर के साये में जीते हैं, पता चल जाएगा। साथ ही उन्होंने पर्यावरण विभाग को भी ललकारते हुए कहा कि किरारी में पूर्व में खुले खदानों में पर्यावरण का कितना ध्यान रखा गया है। किन-किन मापदंडों का पालन हो रहा है, आप बताइए। इसी क्रम में ग्राम किरारी के हेमंत कश्यप ने अपर कलेक्टर एसपी वैद्य से कहा कि आप चलिए मेरे घर, मैं आपके साथ चाय पीना चाहूंगा, लेकिन घर के अंदर नहीं बाहर क्योंकि, अंदर ब्लास्टिंग से घर के कभी भी गिर जाने का खतरा है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके शौचालय की टंकी ब्लास्टिंग से दरक गई है और अब उन्हें शौच के बाहर जाना पड़ता है। उसका खुद का खेत उन खदानों के बीच में है, जिसके कारण फ़सल नहीं हो पा रही है। जन सुनवाई का विरोध आप पार्टी नेता अभिषेक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि माहेश्वर टंडन, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, नगर पालिका अध्यक्ष पति उमाकांत भारते, उत्तम कश्यप, शिवसेना जिलाध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा सहित किरारी के अनेक लोगों ने किया है।

**समर्थन में आए महज छह लोग**- इस खदान के खुलने के समर्थन में केवल गिनती के छह लोगों ने अपना मत रखा और उन लोगों द्वारा जिस जल्दबाजी में अपना समर्थन दिया गया है, ऐसा लग रहा था कि वे नमक की कीमत अदा करने भारी जन विरोध के बीच बड़ी हिम्मत कर बोल रहे हैं। इस खदान का समर्थन ग्राम सरपंच, उपसरपंच, सुमित सिंह, घनश्याम लाटा आदि ने किया है। ऐसा भी माना जा रहा है कि सेटिंग के नाम पर खदान मालिकों से मोटी रकम लेकर खुद की जेब गरम की गई है और किरारीवासियों की जान-माल को खतरे में डाल दिया गया है।

**पूरी तरह विफल रही लोक सुनवाई** - कुल मिलाकर कहा जाए तो बुधवार को हुई मेसर्स विनायक मेटल्स एंड मिनरल्स पार्टनर राजेन्द्र सिंह और मेसर्स मां गुरु मिनरल्स पार्टनर हेमंत सिंह की लोक सुनवाई पूरी तरह विफल रही है। नियमानुसार इन दोनों ही खदानों को खुलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि लंबी रकम खाकर बैठे लोक सुनवाई के अधिकारी तथा पर्यावरण अधिकारी इन खदानों को मान्यता दिलाने अपना पूरा जोर लगा देंगे और अगर ऐसा होता है तो मानना चाहिए कि लोकतंत्र के बुझते दीये में यह आखिरी बूंद होगी।

## भीम आर्मी सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में 4 सूत्री मांगो लेकर सौंपा ज्ञापन





**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, तथा अल्पसंख्यक समुदाय के हित एवं संरक्षण हेतु जनकल्याणकारी योजनाओ में समानुपतिक हिस्सेदारी प्रदान के लिए निम्न चार सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के नाम से तहसीलदार महोदय जी को ज्ञापन सौंपा गया मान सम्मान स्वाभिमान कि संवैधानिक लड़ाई में भीम आर्मी प्रदेश महासचिव तुलेश दास महंत जी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुशील अनंत जी, ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष सनीराम साहू जी, तुला राम साहू जी, निषाद समाज के ब्लॉक अध्यक्ष वेदनाथ निषाद जी, भीम आर्मी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष खगेश निराला जी, जिला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल जी, जिला महासचिव राजू रात्रे जी, जिला महासचिव अजय खूंटे जी, जिला महासचिव मनोज जांगड़े जी, जिला सचिव सुमन जी,जिला मीडिया प्रभारी वासु बजाज जी, कोषाध्यक्ष अमित कुर्रे जी, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल निराला जी, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश प्रेमी जी, सारंगढ़ ब्लॉक सचिव अभय निराला जी, कार्यकर्ता राजकुमार वारे, अभिषेक निराला, जनक लहरे एवम अन्य सैकड़ों सदस्यगढ़ उपस्थित रहे!

**4 सूत्री मांगों का विष्लेषण इस प्रकार है** - 1 - 2021 में लंबित जनगणना शीघ्र कराई जाए जिसमें जातिगत जनगणना सुनिश्चित हो, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अल्पसंख्यक समुदाय पृथक कोड निर्धारित हो , उक्त आशय का प्रस्ताव केंद्र सरकार को अविलंब भेजे जानें का अनुरोध है!

2- मंडल कमीशन की सभी सिफ़रिश को पुर्ण रूप से लागू किया जाए, उक्त आशय का प्रस्ताव को केंद्र सरकार को अविलंब भेजे जानें का उद्देश्य सम्मिलित है!

3- छतीसगढ़ में पारित 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक में महामहिम राज्यपाल का हस्ताक्षर किए जाएं, उक्त आशय का प्रस्ताव राज्य तथा केंद्र सरकार को अविलंब भेजे जानें का प्रस्ताव सामिल है!

4- छत्तीसगढ़ में पेशा कानून को पुर्ण रूप से लागू किया जाए और जल जंगल जमीन प्रकृति के रखवालेआदिवासियों को जल जंगल जमीन का मलिक बनाया जाएं, उक्त आशय का प्रस्ताव राज्य और केंद्र सरकार को अविलंब भेजे जानें का मांग सामिल है!

भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल और ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष सनीराम साहू जी ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तो आगामी हम इस मुद्दे को पूरे राज्य एवं केंद्र स्तर में उठाने का कार्य करेंगे देश में पूरे बहुजन वर्ग के ऊपर हो रहे अन्याय,अत्याचार, शोषण, दमन और तिरस्कार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे!

## हत्या की 3 आरोपी गिरफ्तार



**कोसीर ( समय दर्शन )** । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक घटना 11.11.2024 के रात 09.15 बजे भागवत कुर्रे पिता स्व राखीराम कुर्रे उम्र 30 साल साकिन वार्ड 13 कोसीर का अपने पत्नि मालती कुर्रे से घरेलू विवाद हो जाने पर अपने रूम अंदर मालती कुर्रे के गला को दबाकर हत्या कर दिया था भयभीत होने पर भागवत कुर्रे ने अपने मां चंद्रिका बाई एवं बहन जानकी अनंत को अपने रूम में बुलाया भागवत कुर्रे के मां एवं बहन ने मालती कुर्रे के हांथ को छुकर देखे जो मृत हो गयी थी घटना का साक्ष्य छुपाने के नियत से तीनों ने मिलकर मालती के लाश को रूम से उठाकर बाडी के पास कुंआ के किनारे बने फर्स में ले जा रहे थे फिसलकर गिरने का स्वरूप देकर अन्य लोगो को सूचना दिये कि मालती कुर्रे फिसलकर गिरने से बेहोंश हो गयी है ईलाज कराने ले जाते हैं मालती को मरा हुआ जानते हुए भी उसे ईलाज के लिए सारंगढ अस्पताल ले गये जहां पर डॉक्टर ने चेक कर ब्राड डेथ होना बताये रिपोर्ट पर थाना सारंगढ में जीरो मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही कर मृतिका की शव का पीएम कराया गया पीएम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु को गला दबाने से श्वांस अवरोध होने से होना एवं हत्या प्रकृति का होना लेख किये हैं सारंगढ से जीरो मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना कोसीर में नंबरी मर्ग क्र 28/24 धारा 194 क्नहस्स कायम कर जांच कि गई जांच दौरान आरोपी भागवत कुर्रे, चंद्रिका कुर्रे,जानकी अनंत के साथ मिलकर हत्या करना पाये जाने से आरोपीयों के विरूद्ध अपराध क्र 283/24 धारा 103(1),238,3(5) क्नहस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं उच्चअधिकारियों को अवगत कराया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारंगढ श्रीमती स्नेहिल साहू, श्री अविनाश मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सारंगढ के कुशल मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक एन.एल.राठिया के नेतृत्व में मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्पर्तापूर्वक कार्यवाही की गई एवं आरोपीगण 1.भागवत कुर्रे पिता स्व राखीराम कुर्रे उम्र 30 साल 02.चंद्रिका कुर्रे पति स्व राखीराम कुर्रे उम्र 60 साल 03.जानकी पति राजाराम अनंत उम्र 40 साल साकिनान वार्ड क्र 13 कोसीर थाना कोसीर जिला सारंगढ बिलाईगढ को 24 घंटे के अंदर दिनांक 12-13.11.24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एन.एल.राठिया सउनि ,लक्ष्मण पुरी गोस्वामी अमृत भार्गव प्रआर मनींजर सिदार, आरक्षक यशवंत बंजारे,राजकुमार साहू ,उमेश जांगडे एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

## सीमांत,छोटे किसानों के धान खरीदी को देवें प्राथमिकता, किसानों को न हो तकलीफ रखे विशेष ध्यान- कलेक्टर दीपक सोनी

### 21 ि्ंटल प्रति एकड़ की दर से लगभग 9 लाख 62 हजार 910 मैट्रिक टन धान की होगी खरीदी



**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में 14 नवंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीमांत,छोटे किसानों के धान खरीदी को प्राथमिकता दें। धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें। जिले के 1 लाख 67 हजार 787 पंजीकृत किसान आज से अपना धान बेचेंगें। इस वर्ष पहली बार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से लगभग 9 लाख 62 हजार 910 मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित की गई है। इसके लिए लगभग 48 हजार 146 गठान बारदानें की व्यवस्था की गई है। जिसमें 50 प्रतिशत नये एवं 50 प्रतिशत पुरान गठान बारदाना शामिल है। इस खरीफ वर्ष जिले में उपार्जन केन्द्र की संख्या 166 है। कलेक्टर श्री सोनी ने नए-पुराने बारदाने की उपलब्धता, मिलर्स का पंजीकरण, गिरदावरी का सत्यापन, संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था, सहित धान उर्पाजन केन्द्र में साफ-सफाई, कांटा-बाट का सत्यापन,आर्द्रतामापी यंत्र, बेमौसम बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर और पानी के निकासी की व्यवस्था, मानव संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में संबंधित नोडल अधिकारियों का नाम एवं नंबर,धान का क्रय दर और आवश्यक जानकारी संबंधी बैनर चस्पा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला, सहकारिता से देवेंद्र नेताम,उप संचालक कृषि दिलीप नायक, बैंक नोडल अधिकारी श्री साहू, जिला विपणन अधिकारी सहित कृषि विभाग,नान,मार्कफेड और सहकारी बैंक के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2024-25 हेतु धान समर्थन मूल्य धान ग्रेड ए पतला 2320 रूपये प्रति क्विंटल,धान कामन एवं धान सरना 2300 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है।

# मोबाइल प्लैनेटेरियम में पहुंचे स्कूली बच्चे, तो खो गए आंतरिक्ष यात्रा में

### विद्यार्थियों ने सौर मंडल, ग्रहों, और ब्रह्मांड के रहस्यों को गहराई से जाना

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में मोबाइल प्लैनेटेरियम द्वारा छात्राओं को दी गई सौरमंडल और ग्रहों-उपग्रहों की जानकारी




**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की विशेष पहल पर जिले के शासकीय स्कूलों में मोबाइल प्लैनेटेरियम शो की शुरुआत की गई जो आंतरिक्ष की गतिविधियों को स्कूली बच्चों को दिखाने की एक सराहनीय पहल है। इससे स्कूलों के छात्रों के लिए ब्रह्मांड का अद्भुत अनुभव प्राप्त हो रहा है। इसके माध्यम से सौर मंडल, ग्रहों, और ब्रह्मांड के रहस्यों को इतनी वास्तविकता से पेश किया जा रहा है, जिससे बच्चे अपने आपको अंतरिक्ष में घूमता महसूस कर रहे हैं। बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में मोबाइल प्लैनेटेरियम के माध्यम से आंतरिक्ष की विभिन्न जानकारियों से स्कूली बच्चों को अवगत कराया गया।

मोबाइल प्लैनेटेरियम के माध्यम से केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा दी जा रही है जो इन विद्यार्थियों को कुछ नया खोजने और अन्वेषण करने का हौंसला दे रही है। इस सफर में वे सीख रहे हैं कि कैसे एक रॉकेट अंतरिक्ष में पहुंचता है, कैसे ग्रहों की परिक्रमा होती है, और कैसे ब्रह्मांड का अनंत विस्तार हमारी सोच से भी बड़ा है। यह अनुभव उनकी जिज्ञासा को और भी बढ़ा देता है और वे सोचते हैं कि भविष्य में अंतरिक्ष अन्वेषण में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं। छोटे-छोटे स्कूली बच्चे जब इस मोबाइल प्लेनेटेरियम में पहुंचे तो वह आंतरिक्ष की यात्रा में खो गए। मोहित, भव्य, अजय एवं संतोष, अमित आदि बच्चों ने बताया कि आंतरिक्ष के बारे में इतने करीब से जानने का मौका पहली बार मिला है। इस तरह के अनुभव से हमें विज्ञान से जुड़ी हुई बहुत सी बातों के बारे में जानकारी मिली है। मनीषा, काव्या, अन्नया, दिव्या ने बताया कि जब हम इस तारामंडल के अंदर पहुंचे तो लगा कि जैसे अंतरिक्ष में ही पहुंच गए हो। अंतरिक्ष यान से हम खिड़कियों से झांकते हुए वे नीले ग्रह पृथ्वी को दूर से देखते हैं, जो एक छोटे नीले बिंदु की तरह नजर आता है। अंतरिक्ष के असीम विस्तार में घूमते हुए पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रहों, तारों और विशाल गैलेक्सी को ऐसा लगा जैसे हमने करीब से निहारा हो। बच्चों ने अपने अनुभवों को बताते हुए कहा कि आंतरिक्ष की यात्रा के दौरान वहां गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण सब हवा में तैर रहे हैं। स्कूली बच्चे जब इस तारामंडल से बाहर आए तो सबने अपने अनुभवों को एक-दूसरे से साझा किया। साथ ही विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को समझने की कोशिश कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने में मददगार साबित होते हैं। इस आयोजन से न केवल छात्रों को नई जानकारी मिली, बल्कि उन्होंने विज्ञान और ब्रह्मांड की विस्तृत समझ भी प्राप्त की।

**क्या है प्लैनेटेरियम** - प्लैनेटेरियम एक ऐसा स्थान है जहाँ खगोलीय घटनाओं को दर्शाने के लिए आकाश का कृत्रिम चित्रण किया जाता है। यह एक तरह का थिएटर होता है जिसमें विशेष प्रकार की गोलाकार स्क्रीन होती है, जहाँ सितारों, ग्रहों, और अन्य खगोलीय पिंडों को दर्शाया जाता है। प्लैनेटेरियम में लोग एक गुंबद के नीचे बैठते हैं, और प्रोजेक्टर या डिजिटल सिस्टम के माध्यम से आकाश का दृश्य दिखाया जाता है, जिससे उन्हें वास्तविक रात के आकाश का अनुभव होता है। यह स्थान खासतौर से बच्चों और विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए बनाया गया है ताकि वे खगोलीय घटनाओं, ग्रहों, तारों, और ब्रह्मांड के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। प्लैनेटेरियम शैक्षिक यात्रा के लिए एक बेहतरीन जगह है, जहाँ खगोल विज्ञान को सजीव रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

# धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी पर्व, श्रद्धा के साथ महिलाओं ने की विशेष पूजा-अर्चना



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** मंगलवार को देशभर में देवउठनी एकादशी मनाई गई,हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है गरियाबंद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार रात को देवउठनी एकादशी धूमधाम से मनायी गयी. वहीं एकादशी पर महिलाओं ने अपने घरों के साथ कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी तुलसी माता की विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही तुलसी विवाह संपन्न कराया गया।तुलसी के पौधे के समीप रंगोली बना कर तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह शृंगार कर सजाया गया था।इस दौरान तुलसी विवाह से संबंधित गीत गाये गये।इस मौके पर महिलाओं ने उपवास कर संध्या बेला तुलसी वृक्ष की पूजा-अर्चना कर प्रसाद व भोजन ग्रहण किया।

भगवान विष्णु भी इसी दिन चार माह के शयन के बाद उठते है।इसलिये इसे देवउठनी के नाम से भी जाना जाता है,,,,,इस संबंध में बुजुर्ग महिला धरमीन सिन्हा ने बताया की हिन्दु धर्म में एकादशी का बड़ा ही महत्व है। देवउठनी एकादशी को हरी प्रबोधिनी एकादशी या देवोत्थान एकादशी तुलसी विवाह के रूप में भी जाना जाता है।पुराणों के मुताबिक कार्तिक मास में देवोत्थान एकादशी के दिन तुलसी-शालिग्राम विवाह संपन्न किया जाता है।इस विवाह के बाद ही सभी शुभ कार्य जैसे विवाह,उपनयन आदि प्रारंभ हो जाते है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु भी इसी दिन चार माह के शयन के बाद उठते है।इसलिये इसे देवउठनी के नाम से भी जाना जाता है।इस मौके पर शहर के देवउठनी एकादशी व तुलसी विवाह के मौके पर भक्तो ने अपने-अपने घरों स्थित तुलसी मंदिर व तुलसी स्थान को भव्य तरीके से सजाया। देर संध्या विधि-विधान से तुलसी विवाह कराया साथ ही आतिशबाजी भी की गई।जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने दीये जलाकर सुख सम्रद्धि की कामना की। इस मौके पर कई मंदिरों में विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया। जिससे माहौल पूरी तरह से भक्तिमय देखा गया। देवउठनी एकादशी के दिन गन्ने का विशेष महत्व होता है. इस दिन तुलसी चौरा के ऊपर गन्ने का मंडप बनाया जाता है,जो एक प्रतीकात्मक मंडप होता है. गन्ने के मंडप के नीचे भगवान सालिग्राम (भगवान विष्णु का प्रतीक) और तुलसी माता का विवाह किया जाता है.इस विवाह को देवताओं के आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। पूजा के बाद तुलसी माता को चुनरी ओढ़ाई जाती है और चूड़ियां चढ़ाई जाती है।गन्ने का मंडप बनाने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है और भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार दान करते हैं।देवउठनी एकादशी के दिन से शुभ मुहूर्तों की शुरुआत हो जाती है और फिर उत्तरायण संक्रांति के बाद से और भी शुभ समय माना जाता है, खासकर विवाह गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्यों के लिए।

## खबर-खास

### अवैध शराब के खिलाफ कवर्धा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच तस्कर गिरफ्तार




**कवर्धा (समय दर्शन)।** पुलिस ने जिले में अवैध शराब परिवहन और बिक्री पर लगाम कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में पांच अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से कुल 156 पांव (28.80 लीटर) देशी शराब बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 17,160 रुपए है। यह कार्रवाई राज्य शासन की मंशा के अनुसार अवैध मादक पदार्थों और नशा के कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 'दौलत डहरिया' पिता भरत डहरिया, उम्र 21 वर्ष, अजय डहरिया पिता शंकर लाल डहरिया 22 वर्ष दोनों निवासी बंदौरा, संजय साहू' पिता नोहर साहू, 32 वर्ष, निवासी खैरबना, कमलेश जोशी पिता चेतन लाल जोशी, 30 वर्ष, निवासी मिनीमाता चौक थाना कवर्धा, तरुण सिंह पिता राजकुमार कोसले, 20 वर्ष, निवासी सतनामी पारा सभी थाना कवर्धा निवासी है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई के कुशल नेतृत्व और 'अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी 'निरीक्षक लालजी सिन्हा' और 'सायबर सेल प्रभारी आशीष कंसारी' ने एक सुनियोजित रणनीति बनाकर यह कार्रवाई की। इस अभियान के अंतर्गत कवर्धा नगर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर सघन रेड और नाकेबंदी की गई, जिसके परिणामस्वरूप पांचों तस्करों को पकड़ा गया।

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के पास से विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखी गई कुल 28.80 लीटर अवैध देशी शराब, 156 पांव की मात्रा में अलग-अलग थैलों से बरामद की गई। प्रत्येक आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अलग-अलग पांच मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक लालजी सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक बीरबल साहू, चंद्रभूषण सिंह, बंदे सिंह मरावी, चंद्रकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक चंद्रकुमार साहू, वसीम अली, आरक्षक अजय वैष्णव, हिरेंद्र साहू, लक्ष्मण सिंह, सायबर सेल टीम प्र.आर. वैभव कल्चुरी, पीयूष मिश्रा, आरक्षक अमित ठाकुर, गज्जू राजपूत ने उल्लेखनीय योगदान दिया। इस सफलता के पीछे कवर्धा पुलिस टीम के सतर्कता, साहस, और कार्यकुशलता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# अवैध गांजा परिवहन एवं बिक्री करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

### कवर्धा पुलिस ने की कार्रवाई




**कवर्धा (समय दर्शन)।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में कवर्धा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में, जिला पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थों के खिलाफ निर्णायक मोर्चा साबित हो रहा है। इस कार्रवाई में '14.217 किलोग्राम' अवैध गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 'लगभग 1,40,000 रुपए आंकी गई है। तस्करी में प्रयुक्त 'टाटा बम (पिकअप) वाहन' भी जप्त किया गया है, जिसकी कीमत 'लगभग 1,10,000 रुपये' है, साथ ही आरोपियों के पास से मिले मोबाइल फोन भी पुलिस ने जप्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह के कुशल नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई का संकल्प लिया है। श्री सिंह के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को नशे के खिलाफ प्रभावी और सतर्क निगरानी हेतु सख्त हिदायतें दी गई हैं। वहीं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने और मादक पदार्थों की बिक्री में शामिल व्यक्तियों पर कानूनी शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य न केवल अपराध पर अंकुश लगाना है बल्कि युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है।

इस कार्रवाई में कवर्धा-राजनांदगांव रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध टाटा बम वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें गांजा को सीट के नीचे दो थैलों में छिपाकर रखा गया था। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कवर्धा में 'अपराध क्रमांक 693/2024, धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट' के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सभी थाना प्रभारी न केवल सड़क नाकों पर नियमित तलाशी अभियान चला रहे हैं बल्कि मादक पदार्थों के अड्डों की पहचान कर उन पर त्वरित कार्रवाई भी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी को पूरी तरह से जड़ से खत्म करना और जनता में इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना प्राथमिक लक्ष्य है। इस दृष्टिकोण से जिला पुलिस द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज नशा और अपराध से दूर रहे।

इस प्रकरण में निरीक्षक लालजी सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, सुरेश जायसवाल, संजीव सिंह, आरक्षक अजय वैष्णव, हिरेंद्र साहू, लक्ष्मण सिंह, राकेश यादव, दिनेश ठाकुर, सायबर सेल टीम' का विशेष योगदान रहा। उप निरीक्षक नितिन शर्मा, सहायक उप निरीक्षक रोहित वर्मा, आरक्षक विजय गुप्ता, कबीरधाम पुलिस अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा और परिश्रम से निभाते हुए जिले को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

# हत्या के मामले में खुलाशा, आपसी विवाद के चलते हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल*आरोपी द्वारा हत्या कर शव को छुपाया बड़ी में बदबू फैलने पर लोगों को क्या गुमराह



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** आपसी विवाद के चलते किए गए हत्या के मामले में खुलाशा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया,आरोपी द्वारा हत्या कर शव को छुपाया बाड़ी में बदबू फैलने पर इस हत्या की खोज खबर लिया गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार 12 नवंबर 2024 को ग्राम कोटवार कलमीदादर के द्वारा गांव में बदबु फैलने से एक अज्ञात शव के बारे जानकारी देने पर मामले को वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया जिससे मामले को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात शव का पहचान कर प्रकरण में संलिप्त व्यक्ति की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिय।निर्देश के परिपालन में त्वरीत कार्यवाही करते हुये उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा और स्टाफ के द्वारा कार्यवाही करते हुये सूचनाकर्ता टंकेश्वर सोरी के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया।मामला संदिग्ध होने से फॉरेंसिक युनिट गरियाबंद के उपस्थिती मे पुन:घटनास्थल पहुंचकर अज्ञात मृतक का पंचनामा कार्यवाही किया गया।मुल घटनास्थल के लगभग 60 फिट की दुरी पर अज्ञात मृतक का सिर व जबड़ा पृथक-पृथक पड़ा मिला व दक्षिण दिशा मे गहरा हरा रंग का फुलबांह शर्ट कटा-फटा मिला।अज्ञात मृतक के कपडे को देखकर ग्राम कोडामाल के रोहित कंवर के द्वारा अपने छोटे भाई-रोमन कंवर का ही शव होना पहचान किये।गवाहों द्वारा कथन में बताए गए संदेही आरोपी टिकेश्वर नेताम से पूछताछ करने पर बताया कि मृतक के साथ 28.ल अक्तूबर 2024 को एक साथ बैठकर शराब पीने के बाद को आपसी विवाद के चलते मृतक रोमन कवंर के द्वारा गाली गलौच करने पर आरोपी द्वारा घटना स्थल में रखें लोहे का किल लगा हुआ लकडी का बत्ता से मृतक रोमन कंवर के सिर में प्राण घातक वार कर हत्या किया है।साक्ष्य छुपाने के लिये घटना की जानकारी न देकर जानवर मरने का बदबु होना बताकर आस-पास वालो को गुमराह किया गया। संदेही आरोपी टिकेश्वर नेताम के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य गवाहों के कथन के आधार पर अपराध धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।जांच के दौरान पंचानो एवं गवाह के कथन एवं बरामगदी,पहचान पंचनामा,जप्ती के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया हैं।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम के हमराह में धनुष निषाद,प्र0आर0 जयप्रकाश मिश्रा,गिरधारी ध्रुव,आर0 डिगेश्वर साहू,रिजवान कुरैषी, अमित जांगडे,अरविन्द जाटवर,मुरली चन्द्रा,ओम प्रकाश भारती,टिकेश्वर यादव का विशेष भूमिका रही है।

# वन विभाग की टीम ने 61 नग साल चिरान जब्त किया



**कवर्धा (समय दर्शन)।** पंडरिया पश्चिम के वन अमला द्वारा शशिकुमार वनमण्डलाधिकारी कवर्धा के निर्देशानुसार सुयश धर दीवान उपवनमण्डलाधिकारी पंडरिया के कुशल मार्गदर्शन में त्यौहारी सीजन में होने वाले वन अपराध को रोकने हेतु सतत् गश्त करते हुए मध्यप्रदेश सीमा से आ रही वाहन का चेकिंग रात्रि गश्त के दौरान किया गया। शंका के आधार पर एक पिकअप वाहन रूकवाने का प्रयास किया गया, किन्तु वाहन चालक द्वारा वाहन न रोक कर तेजी से कुंई की ओर भागने का प्रयास किया। जिसे वन अमला द्वारा वाहन का पीछा करते हुए शासकीय हाईस्कूल कुंई के पास पकडा गया। वाहन की जांच करने पर वाहन में साल चिरान 61 नग = 0.575 घन मीटर भरा हुआ मिला। जिसे जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20008/20 दिनांक 12.11.2024 दर्ज कर, वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया जारी है। चिरान जप्त करने में मनोज धुर्वे, बीएफ्ओं, सुदर्शन साहू बीएफ्ओ, संतोष नेताम सीएफ्ओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला प्रशासन द्वारा ग्राम रसेला में 750 कट्टा अवैध धान जप्त

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान खरीदी, बिक्री एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में आज उड़नदस्ता दल द्वारा विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम रसेला में छापामार कार्यवाही के दौरान 750 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया।दरअसल तहसीलदार रमेश मेहता के नेतृत्व में सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ग्राम रसेला स्थित साहनी सामुदायिक भवन का औचक निरीक्षण किया गया।भवन के अंदर लगभग 750 कट्टा धान अवैध रूप से डम्प किया जाना पाया गया।पूछताछ करने पर ग्राम का निवासी हरिहर यादव द्वारा किसानों से धान खरीदना स्वीकार किया गया।

# 'एचडीएफसी बैंक परिवर्तन' 2025 तक 3500 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस स्थापित करेगा

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से पूरे भारत में यंग माइंड्स के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को याद करते हुए बाल दिवस मनाया। पिछले 10 वर्षों में, परिवर्तन ने 2.16 करोड़ से अधिक छात्रों के जीवन को प्रभावित किया है, 20.22 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है और 2.87 लाख से अधिक स्कूलों को सहायता प्रदान की है। बैंक ने 'लिटिल स्माइल बिग ड्रीम्सथ नामक एक डिजिटल अभियान शुरू किया है, जिसमें 'एचडीएफसी बैंक परिवर्तन' द्वारा समर्थित स्कूलों के प्रतिभाशाली युवा छात्रों को दिखाया गया है। वाराणसी जिले के जमापुर की, कलाश और कोमल की ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है, जो झारखंड के रांची के आदिवासी दिहाड़ी मजदूरों के बच्चे हैं, जिन्होंने मानसून प्रवास के दौरान यहीं रहकर नए अपग्रेड किए गए स्मार्ट स्कूल में पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया। कभी शर्मीले और झिझकने वाले कलाश अब कक्षा 5 में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र हैं। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से, स्कूल में अब डिजिटल क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं और वाटर कूलर हैं। बेहतर माहौल ने वंचित समुदायों से नियमित रूप से उपस्थिति को आकर्षित किया है, और पहली बार, 148 छात्रों में लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक है।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 2025 को देखते हुए, स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित किए हैं, जो इस प्रकार हैं:

1) यह सुनिश्चित करना कि स्कूलों में 20 लाख छात्र कक्षा-उपयुक्त सीखने के स्तर को प्राप्त करें।

2) 3,500 स्कूलों में डिजिटल शिक्षा और प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करना।

3) 25,000 वंचित छात्रों को सहायता प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना, ताकि निरंतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य तक पहुँच सुनिश्चित हो सके।

एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद एम भरुचा ने कहा, एचडीएफसी बैंक में हम मानते हैं कि शिक्षा हमारे समुदायों के लिए एक उज्जवल और अधिक न्यायसंगत भविष्य की आधारशिला है। 'परिवर्तन' के तहत हमारी सीएसआर पहलों के माध्यम से हम शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और लचीले समुदायों को विकसित करने में मदद करने के लिए अपना काम कर रहे हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**

**ईकोर्ट प्रकरण कमांक......ब-121/ वर्ष 2024-25**
**ग्राम - खैरा प.ह.नं. 27**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिंदेसिंह पिता तुलसी जाति गोड़ निवासी ग्राम खैरा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा डुप्लीकेट किसान किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम खैरा स्थित भूमि खसरा नंबर 458 रकबा 0.089 हे0 भूमि सिंदेसिंह (नाबालिग) पिता तुलसी पालक-तुलसी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में जारी किसान किताब गुम हो गया है।

अत: उक्त वाद भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 18.11.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह इश्तहार आज दिनांक 06.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया
**पेशी दिनांक 18.11.2024**

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**पिपरिया**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ-जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00017**
**सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**
**आर डी 202425430107400016**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी बिसेसर पिता/पति-पि.केजूराम देवांगन पता शक्तीनगर सिकोला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 299/90 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शिवप्रसाद देवांगन पिता/पति-स्व.बिसेसर राम देवांगन पता-शक्तीनगर सिकोला, धनेश्वरी छबिलाल देवांगन पिता/पति-स्व. बिसेसर राम देवांगन पता-शक्तीनगर सिकोला, कामनी देवांगन पिता/पति-स्व. बिसेसर राम देवांगन पता-शक्तीनगर सिकोला, राम्हीनबाई देवांगन पिता/पति-स्व. बिसेसर राम देवांगन पता-शक्तीनगर सिकोला, रामप्रसाद देवांगन पिता/पति-स्व. बिसेसर राम देवांगन पता-शक्तीनगर सिकोला के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयतहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ-जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न.-00019**
**दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमाक-**
**आर डी 202425430103900038**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी सत्यनारायण दुबे पिता/पति-स्व. जगदीश प्रसाद पता-शिक्षक नगर, दुर्ग के द्वारा धारिल भूमि खसरा क्रमाक 987/37(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना.बा.शशांक दुबे पिता/पति-स्व. सत्यनारायण दुबे वली माता श्रीमती संगीता दुबे पता-कायस्थ बाडी, शिक्षक नगर दुर्ग, ना. बा. युक्ति दुबे पिता/पति-स्व. सत्यनारायण दुबे वली माता श्रीमती संगीता दुबे पता-कायस्थ बाडी, शिक्षक नगर दुर्ग, श्रीमती संगीता दुबे पिता/पति-स्व. सत्यनारायण दुबे पता-कायस्थ बाडी, शिक्षक नगर दुर्ग, ना. बा. सार्थक दुबे पिता/पति-स्व. सत्यनारायण दुबे वली माता श्रीमती संगीता दुबे पता-कायस्थ बाड़ी, शिक्षक नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दाबा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग**

**Name change**

It is informed to the general public that I, Anchal D/o late Dinesh Kamar resident of 130/ka ward number 51 borsi Durg (C.G) have changed my old name to Anchal sahu late Dinesh kamar Sahu, so in future I Should be recognized by My new name thal is Anchal Sahu D/o late Dinesh kumar Sahu in all goverment and Other Documents.

**ANCHAL SAHU**
**130/ka**
**ward Number 51**
**Borsi Durg (C.G.)**
**491001**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) जय स्तंभ चौक बेमेतरा**

**दूरभाष क्रं. 07824-222019, फैक्स क्रं. 07824-222018**
Email :- ee.bemetara@gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित टेन्ट शामियाना हेतु दर आमंत्रण सूचना दिनांक 04.11.2024 को निरस्त कर दिनांक 10.10.2024 को यथावत किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग बेमेतरा**
**संभाग बेमेतरा**

जी- 242503749/2

## संक्षिप्त-खबर



**अहिवारा।** गन्ने का मंडप सजाकर नगर में धूमधाम से रचाया गया मां तुलसी का ब्याह।घरों के आंगन में रंगोली बनाकर और पटाखे जलाकर मनाया गया देवउठनी एकादशी।

### लोक कला साधक दुष्यंत हरमुख को खुमान साव स्मृति अलंकरण मिलने पर तरीघाट में किया सम्मान, मंडाई मिलन समारोह में रंगझरोखा के कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**पाटन।** पाटन ब्लॉक के पुरातत्विक ग्राम तरीघाट में वार्षिक मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रात्रि कालीन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम दुष्यंतर्म कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति हुई। इस प्रस्तुति से पहले ग्राम पंचायत तरीघाट के सरपंच अशोक साहू एवं पंचों के द्वारा रंग झरोखा के संचालक दुष्यंत हरमुख को राज्य सरकार के द्वारा कला संस्कृति के क्षेत्र में खुमान साहब अलंकरण सम्मान दिए जाने पर उनका सम्मान भी किया गया। इसके अलावा रंग झरोखा की प्रसिद्ध लोक गायिका रिंकी देवांगन का भी सम्मान किया गया। दोनों ही कला विभूतियों को छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच अशोक साहू, नंदनी गोस्वामी उपसरपंच, पंचगण देवगन साहू, रेखा साहू, मीना सिन्हा, गंगा राम साहू, सहित ग्राम के नागरिकों के अलावा आसपास के ग्रामों से कार्यक्रम देखने पहुंचे हजारों दर्शक मौजूद रहे।

### सांसद विजय बघेल ने किया राम कथा पोस्टर का विमोचन



दुर्ग जिले पाटन ब्लॉक के ग्राम उरला में आयोजित होने वाली 3 दिवसीय 22 नवंबर से 24 नवंबर 24 तक संगीत मय श्री राम कथा पोस्टर का लोकप्रिय सांसद विजय बघेल ने विमोचन किया जिसमे वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड व प्राइड ऑफनेशन अवार्ड से सम्मानित कथा वाचक हरीश साहू के मुखारविंद कथा वाचन होगा सांसद विजय बघेल ने हरीश साहू को बधाई देते हुए कहा कि ये हमारे उरला गांव के लिए बहुत ही गौरव की बात है जो की वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड व प्राइड ऑफनेशन अवार्ड से सम्मानित हुआ है और इनके मुखार विंद से श्री राम की जीवन गाथा संगीतमय श्री राम कथा का वाचन करेंगे मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं और उज्वल भविष्य की कामना करता हूं कथा वाचक हरीश साहू ने आशीर्वाद प्राप्तकार आभार माना इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरुस्कृत श्री संजय मैथिल जी, राज्यपाल से पुरुस्कृत श्री रामकुमार साहू जी, श्री भानुप्रताप पटेल जी, श्री केदार साहू जी व गांव के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### मठ मंदिर, संस्कृति, हिन्दू समाज और गौ-माता की रक्षा के लिए मनेरी में हुआ विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल का गठन



**राजनांदगांव।** हिंदुओं के संरक्षण के उद्देश्य से कार्यरत एकमात्र संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनने एवं युवा पीढ़ी में सेवा सुरक्षा संस्कार का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी ग्राम-ग्राम तक पहुंच समिति निर्माण कर रहे है, जिसमे ग्राम मनेरी में विहिप, बजरंग दल ने ग्राम समिति की घोषित की, जिसमें बजरंग दल खंड संयोजक युवराज साहू, सह संयोजक पुरंजय चंद्र साहू, गौ-रक्षा प्रमुख प्रतीक साहू, बलोउपासना (अखाड़ा) प्रमुख डोगेन्द्र साहू, सुरक्षा प्रमुख टूमेश साहू, चुम्मन मंडावी, विद्यार्थी प्रमुख ईश्वर डहरे, छवि साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रकाश, नागेश चुने गए। उक्त स्थान पर विहिप पधाधिकारी प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सुनीन सेन, जागेश्वर यादव जनपद सदस्य, भाजपा नेता जनक साहू, टोवा राम साहू ग्राम सियान सहित हिन्दू जन गिरवार साहू, यशवंत साहू, गोल्डी साहू, गोविंद साहू, लुकेंद, छबील, सुरेश कोठारी, बोधन साहू, ताराचंद साहू, लोकेश निषाद, हरीश कुमार साहू, राजकुमार निषाद, रोहन साहू, किशन लाल एवं भारी संख्या में हिन्दूजन की उपस्थिति रही।

# ग्राम पहंडोर सोसायटी में किसान कुटी का निर्माण स्तरहीन, ठेकेदार ने लगा दिया पुराना दरवाजा



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लाक के सेवा सहकारी समिति पहंडोर में पन्द्रह लाख रुपये की लागत से मंडी बोर्ड द्वारा किसान कुटी की स्वकृति हुई है।जिसका निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा एक साल बाद भी काम पूरा नही कर पाया है।जिसको लेकर किसानों में काफी रोष है।किसानो के लिये बनाये जा रहे शौचालय में नया की जगह पुराना प्लास्टिक का दरवाजा लगाया गया है।कल 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगा।लेकिन न तो यहां पर पानी की व्यवस्था हुई है। न ही नल लगाया गया है।छत पर टंकी रख दी गई है।लेकिन पाइप लाइन का भी काम अधूरा है।पूरा निर्माण कार्य स्तरहीन व घटिया किया जा रहा है ।जिसके काम पूरा होने के पहले ही जांच की मांग होने लगी है।

मंडी बोर्ड से किसान कुटी का निर्माण हेतु 15 लाख रुपये स्वकृति हुआ है।लेकिन ठेकेदार स्तरहीन कार्य कर रहा है।दरवाजा भी पुराना लगाया गया है।इसकी जांच हो।

**पुरुषोत्तम तिवारी**
**पूर्व अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति पहंडोर**

किसान कुटी का निर्माण कार्य सुरु से घटिया व स्तरहीन हो रहा है।मैंने पहले ही इसकी जानकारी सोसायटी अध्यक्ष को दे दी थी।

**पुरुषोत्तम् मढरिया**
**सरपंच, ग्राम पंचायत पहंडोर**

किसान कुटी का कार्य अभी तक पूरा नही हुआ है। जबकि 14 नवंबर से धान खरीदी होगा। कार्य सीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

**हेमंत तिवारी**
**प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति,पहंडोर**

# आज कंचनपुर में डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन-राजेश पटेल



**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुंद जिला के पिथौरा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में प्रतिवर्ष रास पूर्णिमा का भव्य आयोजन होता है।

श्री राधा कृष्ण रास पूर्णिमा आयोजन के उपलक्ष्य में आज 14 नवम्बर 2024 को भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इस भव्य रास पूर्णिमा आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य एवं सरपंच व जनपद पंचायत पिथौरा सरपंच संघ के सचिव राजेश साव ने जानकारी देते हुए बताया कि, कंचनपुर में रास पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज रात रंगारंग छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। एवं प्रथम दिवस डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ है।

जिसमें बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, उड़ीसा के कई डांसर व डांस ग्रुप के भाई बहनों ने भाग लिया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ रही है। 15 नवम्बर को काका भतीजा नाच पार्टी सरायपाली (कोमाखान) एवं गँवई के हीरा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जेवरा जिला महासमुंद का रात्रि में कार्यक्रम होगा। यहाँ तरह-तरह के खेल खिलौने मिठाइयो का दुकान आइसक्रीम चार्ट गुपचुप कई दुकान सजे हुए हैं।

कंचनपुर ग्राम वासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण छुवालीपतेरा, मोहगांव, पंडरीपानी, पेंड्रारावन, भगत देवी, साँकरा, बसना आदि के ग्रामीणों को भी इस कार्यक्रम का बहुत बेसब्री से इंतजार रहता है।

रास पूर्णिमा के आयोजन पर श्री राधा कृष्ण जी की मूर्ति स्थापना कर सुबह 7:00 बजे एवं शाम 7:00 बजे पूजा अर्चना में काफी लोगों का भीड़ लगा रहता है। यहां ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यहां के ग्रामीण महीनो भर से इस कार्यक्रम की तैयारी में समस्त ग्रामीण लगे रहते हैं। घर की साफसफाई रोड की साफ सफाई एवं नए-नए कपड़े की खरीदारी के साथ ही गांव में शांति बनाए रखने के लिए ग्राम समिति का बैठक रखा जाता है। गांव प्रमुख त्रिलोचन पटेल, पुनीत लाल साहू, हेमकुमार पटेल कोटवार रोहित चौहान सरपंच राजेश साव, काशीनाथ पटेल, पंच तेजराम पटेल, श्रवण पटेल बंशीधर पटेल, मोहन पटेल, फागुलाल रात्रे, खगेश्वर पटेल सागर चंद पटेल, केतन पटेल, गोभीर पटेल, वीरेंद्र सिदार, मुन्ना पटेल, रनजीलाल पटेल, वेदराम पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, हेमराज सिदार, गिरधर पटेल, मनीष सिदार, सुमित पटेल, दिनेश पटेल, हरीश पटेल, फागुलाल पटेल, बिंदा पटेल सेतराम पटेल, रोहन लाल पटेल, सहित समस्त ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहता है।

# बिना पद के किस हैसियत से अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं अभिषेक : कुलबीर



**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में कांग्रेस संगठन शहर की समस्याओं व जनता की समस्याओं के निदान के लिए 15 साल के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष यहां के निर्वाचित विधायक डा. रमन सिंह को जगा रही है अधूरे काम, अपूर्ण घोषणाएं और हर विषय पर जनता के लिए लापरवाही बरतने विधायक पूरे कार्यकाल में अपूर्ण घोषणाओं को जनता को होने वाली असुविधाओं को ठीक कराने का कार्य शहर कांग्रेस कर रही है। शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह वर्तमान कुछ समय से जगह-जगह जाकर समस्याओं को पूछकर अधिकारियों से बात कर लोगों को कुछ जगह आश्वासन दिया है। इससे साफ प्रतीत होता है कि निर्वाचित विधायक डा. रमन सिंह के साथ राजनांदगांव विधानसभा में एक विधायक के साथ एक विधायक फ्री है। बड़ा आश्चर्य का विषय है कि भाजपा की सत्ता सरकार होते हुए भाजपा का संगठन पंगु हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेतागण खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, मधुसूदन यादव तथा वर्तमान सांसद संतोष पांडे और बाकी शहर के भाजपा नेतागण को दरकिनार करते हुए डा. रमन सिंह और उनके पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शहर में लोगों को आश्वासन दे रहे है और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के कसीदे पढ़ने के लिए विधायक प्रतिनिधि डा. रमन सिंह ने नियुक्त किया है, जबकि भाजपा संगठन अथवा वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधि को समस्याओं से रूबरू होना चाहिए, किन्तु दो पूर्व सांसद राजनांदगांव जिले के एवं वर्तमान सांसद और भाजपा संगठन को खुद अभिषेक सिंह ने दरकिनार कर दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह न तो वर्तमान में राजनांदगांव विधायक के प्रतिनिधि है न ही भाजपा संगठन ने राजनांदगांव की कोई जिम्मेदारी सौंपी है। फिर किस हैसियत से समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं और राजनांदगांव जिले की अन्य विधानसभा क्यों नहीं जाते। भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं को दरकिनार करने के लिए डा. रनम सिंह अपने पुत्र अभिषेक सिंह को आगे राजनांदगांव लोकसभा, विधानसभा से चुनाव लड़ाने की तैयारी करा रहे हैं। नगरीय निकाय में महापौर आरक्षण में भ्रष्टाचार भी हो सकता है, हमारा आरोप है कि अपने मनपंसद भाजपाई को टिकिट देकर डा. रमन सिंह महापौर बनाने का ख्वाब देख रहे है, ताकि चार साल वो महापौर अभिषेक सिंह को शहर में उद्घाटन, भूमिपूजन पर लेकर घूमें और उनकी महिमा मंडित करें।

# पाटन ब्लॉक में अब तक का सबसे बड़े यूनिवर्सिटी का भवन आकर लेने लगा है, साकरा में 110 करोड़ की लागत से बन रहे उद्यानिकी एवं वानिकी विवि के भवन

**बलराम यादव**



**पाटन (समय दर्शन)।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय का अगले साल अर्थात वर्ष 2025 में स्वयं का भवन होगा। दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सांकरा में 110 करोड़ रूपए की लागत से विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक से लेकर अन्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। एकेडमिक ब्लॉक को जून-25 और शेष भवनों का निर्माण अप्रैल-25 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से दो साल पहले उद्यानिकी एवं वानिकी को अलग कर महात्मा गांधी के नाम पर नया विश्वविद्यालय बनाया गया। यह विश्वविद्यालय राजधानी से समीप अमलेश्वर के आगे सांकरा में स्थापित होगा। स्वयं का भवन नहीं होने के कारण वर्तमान में इस विश्वविद्यालय का कामकाज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार भवन से संचालित हो रहा है। साथ ही मिडिल स्कूल परिसर में अध्ययन कार्य चल रहा है। सांकरा में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक समेत अन्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। कुलपति निवास के अलावा बालक- बालिका छात्रावास और किसान छात्रावास भी बनाया जा रहा है। निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए अलग-अलग एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी भवनों के निर्माण पर 110 करोड से अधिक की राशि खर्च होगी। विवि प्रशासन ने निर्माण एजेंसियों को भवन निर्माण के लिए समय सीमा भी तय की है। जिसके अनुसार एकेडमिक ब्लॉक स्कूल भवन में चल रहा उद्यानिकी और वानिकी कॉलेज

सांकरा में उद्यानिकी और वानिकी कॉलेज का स्वयं का भवन नहीं है। भवन निर्माण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सांकरा के सरकारी स्कूल में दोनों कॉलेज का संचालन हो रहा है। स्कूल परिसर के दो हिस्से उद्यानिकी और वानिकी कॉलेज एक हिस्सा में अब भी. मिडिल स्कूल की कक्षाएँ संचालित हो रही है। जगह की कमी के कारण काफी दिक्कतें हो रही है। सांकरा में ही अन्य भवनों के साथ 13-13 करोड़ रूपए की लागत से उद्यानिकी और वानिकी कॉलेज का भी भवन बन रहा है।

निर्माण कार्य तेजी रहे है।महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव आर. एल. खरे ने बताया कि पाटन ब्लॉक के सांकरा में एकेडमिक भवन समेत अन्य भवनों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने कहा गया है। उम्मीद है कि समय पर विश्वविद्यालय के भवन तैयार हो जाएंगे।

इन भवनों का निर्माण हो रहा एकेडमिक ब्लॉक, डायरेक्टोरेट ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, , कुलपति निवास, विवि में डीन निवास, (10 ई टाइप), स्नातक बालक व बालिका छात्रावास, स्नातकोत्तर बालक छात्रावास, किसान छात्रावास

, कम्युनिटी हॉल, बैंक व पोस्ट ऑफिस के लिए भवन ,इंडोर स्टेडियम ब्लॉक बाउंड्रीवाल व गेट निर्माण, उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज भवन व छात्रावास इन सभी भवनों का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए अप्रैल-25 तक का समय दिया गया है। इसी तरह एकेडमिक ब्लॉक के लिए जून 25 तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। निर्माण एजेंसियों से कहा गया है कि समय सीमा के भीतर काम पूरा करना।

# अवैध धान के भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 196 कट्टा धान जब्त



**पिथौरा( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम बीजेमल में अवैध धान के भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ओंकारेश्वर सिंह द्वारा की गई इस छापेमारी में 196 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, धान के अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि इस सीजन में किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अवैध धान का संग्रहण किसानों के अधिकारों के साथ धोखाधड़ी करने जैसा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकार की सख्त नीति के चलते अवैध धान भंडारण की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। जप्त की गई धान को फिलहाल स्थानीय प्रशासन की अभिरक्षा में रखा गया है, और जांच के बाद संबंधित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# फर्जी तरिके से विवाह कर ठगी करने वाले गिरोह बसना पुलिस की गिरफ्त में

- बसना थाना क्षेत्रान्तर्गत मे ठगी करने वाले महिला सहित 04 आरोपीयों को किया गया गिरफ्तार
- इस मामले मे प्रार्थी के साथ गलत नाम पता बताकर किया गया था विवाह।
- दुल्हन द्वारा लेकर भागे गये गहने एवं मोबाईल फोन बरामद।
- नक्सल प्रभावित जिले के अंदरूनी गांव में छुपे हुए थे 02 आरोपी।




**बसना (समय दर्शन)।** फर्जी तरिके से विवाह कर ठगी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। पैसा लुटने के नियत से दुल्हन और उसके साथियों के द्वारा साजिस के तहत ममता पटेल छद्म नाम के साथ प्रार्थी के साथ विवाह तय कराकर आरोपियों के द्वारा प्लानिंग के तहत 25 फरवरी 2024 को राधा स्वामी मंदिर सुहेला उडीसा मे प्रार्थी एवं ममता पटेल का फर्जी शादी कराया गया।

शादी कराने के एवज में प्रार्थी से तीन लाख रूपये लिया गया था। शादी के पश्चात आरोपिया, ममता पटेल नाम की दुल्हन बनकर प्रार्थी के घर आयी और मौका देखकर उपहार स्वरूप मिले सोने का लाकेट एवं चांदी का मंगलसुत्र, चांदी का पायल, एक मोबाईल फोन, कुल कीमती 70,000 रूपये को लेकर भाग जाने की लिखित आवेदन पर चौकी भंवरपुर में थाना बसना में नम्बरी अपराध धारा 419,420,406,34 भादवि का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

विवेचना दौरान पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों का पता तलाश में तकनिकी सहायता लिया गया। उडीसा एवं छत्तीसगढ के कई संभावित जगहों पर छापे मारी की गई। मास्टर माइंड आरोपी (01) गुप्ता सुनानी उर्फ राकेश, पिता- अनामा सुनानी, साकिन-ग्राम डुगरीगुडा, थाना- बेलपाडा, जिला- बलांगीर (उडीसा)

(02) दुल्हन ममता सराफ उर्फ ममता पटेल (छद्म) पिता पुर्णा बाघ, उम्र -30 साल, साकिन- डोंगरीगुडा, थाना- बेलपाडा, जिला- बलांगिर (उडीसा) को 12 नवम्बर 2024 को खपराकोल बलांगीर नक्सल प्रभावित इलाके में छुपे हुये थे, जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में लेकर चौकी भंवरपुर लाया गया। पूछताछ उपरांत आरोपी गुप्ता सुनानी उर्फ राकेश से मोबाईल फोन एवं ममता बाघ उर्फ ममता पटेल के द्वारा पेश करने पर पहने हुये सोने एवं चांदी के गहनों को जप्त कर चौकी भंवरपुर थाना बसना में 419,420,406,34 भादवि के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया गया।

प्रकरण मे विवेचना के दौरान अन्य 02 साथी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तथा सभी आरोपीयों के पुराने रिकार्ड खंगाले जा रहे है।

यह संपूर्ण कार्यवाही भंवरपुर बसना महासमुन्द पुलिस के द्वारा की गई।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26